RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

### गुस्ताखी माफ

सोचा दम ले लें जरा, बहुत कर लिया शोर।
अभी लगायेंगे पुनः, और जोर से जोर।
और जोर से जोर, अभी तो होगा ड्रामा।
अभी सदन में और, मचाना है हंगामा।
कह साहिल कविराय, गला है हुआ दबोचा।
अब छोड़ेंगे नहीं, यही है हमने सोचा।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 31 | THURSDAY 12-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com






# जगराओं में राजनीतिक पाखंड उजागर

## मंचों पर सरकार को कोसते हैं, लेकिन अंदरखाते 'आप' की स्वास्थ्य योजना की स्लीप काटकर अपना वोट बैंक चमका रहे कांग्रेसी पार्षद

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/11 फरवरी। आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव गोपी शर्मा ने बुधवार विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस के पार्षदों की राजनीतिक कार्यशैली पर तीखा हमला बोलते हुए उनके दोहरे चरित्र को बेनकाब किया है। सोशल मीडिया पर गोपी शर्मा ने आरोप लगाया कि एक तरफ कांग्रेस, अकाली दल और भाजपा के नेता मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं की आलोचना कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ वे गुप्त रूप से इन्हीं योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेक रहे हैं। गोपी शर्मा ने खुलासा किया कि जगरांव के कई कांग्रेसी पार्षद एवं नेता, जिनका अपना राजनीतिक वजूद अस्थिर है और जो बार-बार दल बदलने के लिए जाने जाते हैं, अब आगामी नगर परिषद चुनावों को देखते हुए अवसरवादी राजनीति पर उतर आए हैं।



10 लाख की सीएम सेहत योजना की मशीन से स्लीप निकालते दिखा कांग्रेसी पार्षद



आप नेता गोपी शर्मा

### कांग्रेसी जमकर बना रहे लोगों के कार्ड

उन्होंने आरोप लगाया कि ये कांग्रेसी सरकारी कर्मचारियों को अपने निजी आवासों पर बुलाकर, सरकार द्वारा दी जा रही 10 लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा योजना के कार्ड अपने वार्ड के लोगों के लिए बनवा रहे हैं। इसका एकमात्र उद्देश्य मतदाताओं को यह भ्रमित करना है कि यह लाभ उनके व्यक्तिगत प्रयासों से मिल रहा है।

### यह जनता है, सब जानती है

आप' नेता ने कड़े शब्दों में कहा कि जनता सब हकीकत जानती है। जो नेता अपनी मूल पार्टी के प्रति वफादार नहीं रह सके, वे आम जनता के लिए क्या करेंगे? उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजाब सरकार बड़े स्तर पर कैंप लगाकर पारदर्शिता के साथ आम लोगों को लाभ दे रही है, लेकिन कांग्रेसियों द्वारा इसे 'वोट बैंक' के लिए इस्तेमाल करना अनैतिक है। शर्मा ने दावा किया कि जनता आगामी चुनावों में इन पार्षदों के पिछले पांच साल के कारनामों पर अपनी मोहर लगाएगी और उन्हें सबक सिखाएगी।

**कांग्रेसी नेता ने नहीं रखा पक्ष...**जब आप नेता गोपी शर्मा द्वारा कांग्रेसी नेताओं पर आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा चलाई जा रही जल कल्याणकारी योजनाओं का चोरी छुपे लाभ उठाने के लगा जा रहे आरोपों की बारे में कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह ढुकराल से उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई तो कई बार फोन किए जाने के बावजूद उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

# AIPL ने GLADA को ₹137 करोड़ EDC का किया पूरा भुगतान, लुधियाना के शहरी विकास को मिलेगी रफ्तार



लुधियाना, यूटर्न, 11 फरवरी। उत्तर भारत की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनी एडवांस इंडिया प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (AIPL) ने ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (GLADA), पंजाब सरकार को ₹137 करोड़ की एक्सटर्नल डेवलपमेंट चार्ज (EDC) की पूरी और अंतिम राशि जमा करा दी है। यह लुधियाना में किसी भी डेवलपर द्वारा किया गया सबसे बड़े भुगतानों में से एक माना जा रहा है, जो AIPL की नियमों की पालन और जिम्मेदार शहरी विकास के प्रति अहसास को दशार्ता है। AIPL ड्रीमसिटी लुधियाना के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हेमंत गुप्ता ने कहा कि GLADA को EDC का पूरा भुगतान पंजाब के शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि यह पूरे पंजाब में किए गए सबसे बड़े EDC भुगतानों में से एक है। कंपनी को उम्मीद है कि इस राशि का बड़ा हिस्सा ड्रीमसिटी के आसपास के क्षेत्रों में सड़क, कनेक्टिविटी, सेवाओं और अन्य बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने में लगाया जाएगा, जिससे टाउनशिप के विकास को गति मिलेगी। 500 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विकसित AIPL ड्रीमसिटी एक आधुनिक और टिकाऊ इंटीग्रेटेड टाउनशिप है, जिसमें 200 से 2000 वर्ग गज के प्रीमियम प्लॉट, लग्जरी विला और इंडिपेंडेंट फ्लोर शामिल हैं। परियोजना में 7.4 एकड़ की झील, अत्याधुनिक क्लब हाउस ह्यअक्लछ क्लब एक्वाह्न, हरियाली, और लगभग 20 एकड़ का प्रस्तावित कमर्शियल जोन भी शामिल है। सिधवां कैनाल रोड और फिरोजपुर रोड से जुड़ी यह टाउनशिप लुधियाना के प्रमुख इलाकों से बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करती है और पर्यावरण संतुलन के साथ उच्च जीवन स्तर का लक्ष्य रखती है।

# राजनेताओं की शह पर नगर निगम में सील - अनसील का 'खेल': कई कमिश्नर बदले, लेकिन वर्षों से बिल्डिंग ब्रांच में सेटिंग बरकरार

लुधियाना, यूटर्न, 10 फरवरी। नगर निगम में बड़े साहिब का तबादला हो चुका है, मगर विभिन्न -जोनों की बिल्डिंग ब्रांच में सील बिल्डिंगों का गोरखधंधा अभी भी जारी है ! नियम साफ कहते हैं कि अवैध निर्माण पर सील लगाने की कार्रवाई असिस्टेंट टाउन प्लानर (एटीपी) करता है, लेकिन सील खुलवाने की शक्ति केवल नगर निगम कमिश्नर के पास होती है। इसके बावजूद राजेताओं ,छूट भइए नेताओं , मिडिया कर्मियों की मितलिभगत भ्ष्टार्चार और निजी स्वार्थो को अंजाम देते हुए बिना कमिश्नर की मंजूरी के ही सील अनसील का खेल खुलमखुला चल रहा है।

यहां हालात यह हैं कि कौन-सी बिल्डिंग की सील खोली गई, किसकी सील तोड़ी गई और किस पर सिर्फ दिखावे की सील लगाई गई — इसकी जानकारी सिर्फ इलाके के राजनेता ,एटीपी और बिल्डिंग इंस्पेक्टर तक सीमित रहती है। जब किसी भवन की सील गैरकानूनी तरीके से खुलती है तो इंस्पेक्टर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है और मामला सुर्खियों में आने पर इल्जाम छोटे अधिकारीयों






पर डाल गाज उन पर गिरा दी जाती है !

पिछले एक महीने में हैबोवाल जस्सियां रोड, जोशी नगर, डीएमसी के सामने शमशानघाट रोड, प्रीत सिनेमा के सामने तीसरी मंजिल पर बने शैड वाली बिल्डिंग और घुमारमंडी स्थित सेठी डिपार्टमेंटल स्टोर सहित कई निर्माण बॉयलाज उल्लंघन पर सील किए गए थे। लेकिन अब हकीकत यह है कि जस्सियां रोड और जोशी नगर की सील दुकानें दोबारा खुल चुकी हैं और डीएमसी रोड पर गेट खोलकर फिर से निर्माण शुरू हो गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि एमटीपी तक को इसकी जानकारी नहीं दी गई। कारण साफ है— डी-जोन में सीलिंग और डी-सीलिंग दोनों काम एटीपी और बिल्डिंग इंस्पेक्टर अपने स्तर पर कर रहे हैं। न कोई दफतरी रिकॉर्ड रखा जा रहा है और न ही सील तोड़ने वालों पर पुलिस में एफआईआर भेजी जा रही है। शिकायत आने पर सीधा कह दिया जाता है कि 'सील नहीं खोली गई', और पूरा खेल दबा दिया जाता है।

**सील सिर्फ दिखावे की, काम अंदर पूरा...**प्रीत सिनेमा के सामने जिस बिल्डिंग में तीसरी मंजिल पर अवैध शैड बन रहा था, वहां कार्रवाई के नाम पर केवल ग्राउंड फ्लोर का एक साइड गेट सील किया गया। जबकि तीसरी मंजिल तक जाने के लिए दूसरा रास्ता खुला छोड़ दिया गया। कुछ ही दिनों में उसी रास्ते से अवैध निर्माण पूरा कर लिया गया और बाहर से दिखाने के लिए ताले पर सील आज भी लगी हुई है। ऐसा ही मामला घुमारमंडी स्थित सेठी डिपार्टमेंटल स्टोर का है। निगम ने बेसमेंट का फ्रंट गेट सील कर दिया, लेकिन अंदर से जाने का रास्ता खुला है और बेसमेंट का कमर्शियल इस्तेमाल धड़ल्ले से जारी है। कागजों में बेसमेंट सील है, जबकि हकीकत में वहां रोजाना कारोबार चल रहा है।

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 31 | THURSDAY 12-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# 130.50 करोड़ GST घोटाले का भंडाफोड़, जालंधर में फर्जी फर्मों का नेक्सस टूटा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

जालंधर/यूटर्न/11 फरवरी। केंद्र सरकार के खजाने को चूना लगाने वाले बड़े टैक्स घोटाले का खुलासा करते हुए सेंट्रल जीएसटी कमिश्नरेट जालंधर की एंटी-इवेजन शाखा ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने फर्जी फर्मों के जरिए इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) की धोखाधड़ी कर लगभग ₹130.50 करोड़ की GST चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

10 फरवरी 2026 को सेंट्रल जीएसटी कमिश्नरेट जालंधर की टीमों ने CGST एक्ट 2017 के तहत जालंधर में छह स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। ये छापे फर्जी फर्मों के नेक्सस से जुड़े प्रमुख लोगों के घरों और दफ्तरों में डाले गए। जांच




के दौरान 23 फर्जी/डमी फर्मों से जुड़े दस्तावेज बरामद किए गए, जिनका टैक्सेबल टर्नओवर करीब ₹1000 करोड़ बताया जा रहा है। जांच में सामने आया है कि जसविंदर माही उर्फ हैप्पी ने पूरी प्लैनिंग से फर्जी एवं शैल कंपनियां बनाकर धोखाधड़ी से ITC पास किया और सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया। सेंट्रल जीएसटी कमिश्नरेट जालंधर ने मुख्य आरोपी जसविंदर माही उर्फ हैप्पी को गिरफ्तार कर लिया है। छापेमारी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी जब्त किए गए हैं, जिनसे नेटवर्क के अन्य सदस्यों के खुलासे की उम्मीद है।

### CGST विभाग के प्रवक्ता ने कहा,

'फर्जी फर्मों के जरिए टैक्स चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। हमारी प्राथमिकता है कि ईमानदार करदाताओं के लिए समान अवसर सुनिश्चित किए जाएं और सरकारी राजस्व की सुरक्षा की जाए।'

विभाग ने बताया कि जांच जारी है और घोटाले से जुड़े अन्य लोगों व कंपनियों की पहचान की जा रही है। आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां संभव हैं।

## नामी शिवा जिम ट्रेनर की रुबिकॉन कार से हुआ था हादसा, लापरवाही से मोड़ी कार, बीबीए स्टूडेंट की मौत, दोस्त लड़ रहा जिंदगी की जंग

लुधियाना/यूटर्न/11 फरवरी। गुरदेव नगर में मंगलवार को रुबिकॉन कार के साथ यामाहा आर15 सवार दो युवकों की जोरदार टक्कर हो गई थी। इस हादसे में धर्मपुरा के लक्ष्य (18) की मौत हो गई, जबकि उसका साथी सक्षम डीएमसी अस्पताल में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है। वहीं इस हादसे में कई पहलु निकलकर सामने आए हैं। दरअसल, मामले में आरोपी रुबिकॉन कार सवार शिवा सचदेवा शहर का मशहूर जिम ट्रेनर है। हादसे के समय वहीं कार चला रहा था। जिसके चलते शहर में चर्चा छिड़ गई है कि लोगों को अच्छी सेहत और तंदरुस्त शरीर बनाने की ट्रेनिंग देने वाले ट्रेनर ने ही एक युवक की जिंदगी छीन ली। जानकारी के अनुसार आरोपी शिवा सचदेवा शहर के नामी शिवा जिम का ट्रेनर है। इस मामले में थाना डिविजन नंबर पांच की पुलिस ने लक्ष्य के पिता रोहित कुमार के बयानों पर शिवा सचदेवा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मुताबिक आरोपी की गिरफ्तारी भी कर ली गई है।



हादसे में क्षतिग्रस्त कार



सीसीटीवी में कार से टकराते दिखी बाइक

### सीसीटीवी में दिखी लापरवाही

इस हादसे की एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। फुटेज मुताबिक दो युवक तेज रफ्तार से बाइक पर आ रहे होते हैं। इसी बीच आरोपी शिवा रुबिकॉन कार को सीधे जाते जाते एकदम गली की तरफ मोड़ देता है। जिसके चलते बाइक सीधे कार में टकरा जाती है।

### कार चालक ने नियमों का किया उल्लंघन

वहीं अगर ट्रैफिक नियमों की बात करें, तो नियम कहते हैं कि मोड़ आने पर पहले वाहन चालक को रुककर दूसरी सड़कों पर आ रहे वाहनों को देखकर मोड़ मुड़ना चाहिए। वहीं अगर चौरस्ता हो तो चारों सड़कों पर आ रहे वाहनों को ध्यान में रखकर वाहन मोड़ना होता है। इसी के साथ मुड़ने से पहले इंडिकेटर देना जरुरी है। लेकिन आरोपी शिवा द्वारा न तो मोड़ पर रुककर देखा गया और न ही इंडिकेटर दिया गया।

### बीबीए का स्टूडेंट था लक्ष्य

वहीं हादसे में अपनी जान गंवाने वाला युवक चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी में पढ़ता था। वह बीबीए का स्टूडेंट था। हादसे के समय लक्ष्य अपने दोस्त सक्षम के साथ खाने पीने के लिए जा रहा था। लेकिन रास्ते में ही हादसा हो गया। वहीं लक्ष्य के पिता एक प्राइवेट जॉब करते हैं और माता गृहणी हैं। उसकी एक भाई और बहन है।

### लोगों को ट्रैफिक नियम का पाठ पढ़ाना जरुरी

आज के समय में लोग वाहन तो ले लेते हैं, लेकिन उन्हें ट्रैफिक नियमों की पूरी जानकारी नहीं होती। इसी का नतीजा रहा कि एक युवक को इस हादसे में अपनी जान गंवानी पड़ी। अगर रुबिकॉन कार चालक को ट्रैफिक नियम पता होते और युवक भी रुल्स मुताबिक चलते तो शायद हादसा न हो पाता। वहीं इसके अलावा भी लुधियाना में वाहन चालक किसी भी सड़क पर रॉन्ग साइड़ चलने लग जाते हैं, रॉन्ग पार्किंग, ओवर स्पीड और डेंजर्स ड्राइविंग तो शहर में आम देखने को मिलती है। जिसके चलते ट्रैफिक पुलिस को चाहिए कि पहले शहरवासियों को ट्रैफिक नियम पढ़ाए जाएं।

## लोकसभा में गूंजा चंडीगढ़ की रेल कनेक्टिविटी का मुद्दा, धार्मिक स्थलों के लिए सीधी ट्रेनों की मांग

अजीत झा



चंडीगढ़, यूटर्न, 11 फरवरी। चंडीगढ़ की रेल सुविधाओं को लेकर संसद में आवाज बुलंद की गई है। सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में शहर से ट्रेनों की संख्या बढ़ाने, सुपरफास्ट ट्रेनों के ठहराव सुनिश्चित करने और प्रमुख धार्मिक स्थलों के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करने की मांग उठाई।



सांसद ने लोकसभा में प्रश्न संख्या 2021 के जरिए केंद्र सरकार से पूछा कि क्या चंडीगढ़ और मोहाली के लिए बेहतर रेल कनेक्टिविटी संबंधी उनके ज्ञापनों पर कोई कार्रवाई की गई है। उन्होंने कटरा और अमृतसर रूट पर सुपरफास्ट ट्रेनों के अतिरिक्त ठहराव, राजस्थान के लिए सीधी कनेक्टिविटी और नई ट्रेनों की शुरूआत की मांग दोहराई। इससे पहले उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य में हो रही लागत और समय वृद्धि (कॉस्ट व टाइम ओवररन) की समीक्षा करने का आग्रह भी किया था। तिवारी ने कहा कि 'सिटी ब्यूटीफुल' को उसकी बढ़ती आबादी और यात्री भार के अनुरूप आधुनिक और सुदृढ़ रेल सुविधाएं मिलनी चाहिए। सांसद ने वंदे भारत, शताब्दी, राजधानी, संपर्क क्रांति सहित अन्य सुपरफास्ट ट्रेनों के चंडीगढ़ और मोहाली में ठहराव की व्यवहार्यता पर भी सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा। उनका कहना था कि इन रूटों पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, पेशेवर, वकील और श्रद्धालु यात्रा करते हैं, ऐसे में बेहतर रेल सेवाएं आवश्यक हैं। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तिवारी ने खाटूश्याम, अजमेर, पुष्कर और बीकानेर जैसे प्रमुख स्थलों के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने की भी मांग की। इसके अलावा उन्होंने ट्रेन संख्या 22451/22452 (चंडीगढ़-बांद्रा) को दैनिक रूप से संचालित करने की संभावना पर सरकार की योजना के बारे में जानकारी मांगी। सरकार के जवाब पर असंतोष जताते हुए तिवारी ने कहा कि चंडीगढ़ से जुड़े महत्वपूर्ण विकास कार्यों को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। उन्होंने रेल मंत्रालय से शहरवासियों के हित में लंबित मांगों पर शीघ्र ठोस निर्णय लेने की अपील की।

# मोहाली में 10 प्राइवेट स्कूलों को बम की धमकी, स्टूडेंट्स को घर भेजा गया

चंडीगढ़/यूटर्न/11 फरवरी। मोहाली के कम से कम 10 प्राइवेट स्कूलों को बुधवार को बम की धमकी वाले ईमेल मिले, जिससे स्टूडेंट्स, पेरेंट्स और स्टाफ में घबराहट फैल गई। धमकियां मिलने के बाद, स्कूल अधिकारियों ने सुरक्षा के तौर पर तुरंत जगह खाली करा ली। बम डिस्पोजल स्क्वॉड और एंटी-सैबोटेज टीमों को बिल्डिंग्स की जांच के लिए स्कूलों में भेजा गया। जिन स्कूलों पर असर पड़ा है, उनमें वाईपीएस मोहाली, लर्निंग पाथ्स स्कूल, मानव मंगल स्कूल, शिवालिक पब्लिक स्कूल, पारागांव सीनियर सेकेंडरी स्कूल और इनफिनिट जीसस स्कूल शामिल हैं। एहतियात के तौर पर, सभी स्टूडेंट्स को सुरक्षित घर वापस भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि धमकी भरे ईमेल के सोर्स का पता लगाने के लिए जांच चल रही है, और स्कूलों के आसपास सिक्योरिटी कड़ी कर दी गई है। अभी तक, कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली है। अधिकारियों ने पेरेंट्स को भरोसा दिलाया है कि सभी जरूरी सुरक्षा कदम उठाए जा रहे हैं।



### डीईओ ने 10 स्कूलों को धमकी मिलने की बात कही

मोहाली डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर डॉ. गिन्नी दुग्गल ने कहा कि जिले के किसी भी सरकारी स्कूल को अभी तक कोई धमकी मिलने की खबर नहीं मिली है। हालांकि, उन्होंने कन्फर्म किया कि मोहाली के 8 से 10 प्राइवेट स्कूलों ने उन्हें धमकी भरे ईमेल के बारे में बताया है। जानकारी मिलने के बाद, डॉ. दुग्गल ने तुरंत डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल और सीनियर पुलिस अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुछ ईमेल में 11 फरवरी का ज़िक्र है, जबकि कुछ में 13 फरवरी की तारीख चिंता की संभावित तारीख बताई गई है।

### टीमें प्रभावित स्कूलों में भेजी जा रहीं

एजुकेशन डिपार्टमेंट और डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन की टीमें प्रभावित स्कूलों में भेजी जा रही हैं। सभी स्कूल मैनेजमेंट को सलाह दी गई है कि वे अपने कैंपस बंद कर दें और सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस के साथ पूरा सहयोग करें। डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल स्थिति पर करीब से नजर रख रही हैं। इस बीच, अधिकारियों को भविष्य में ऐसी गुमराह करने वाली या ध्यान भटकाने वाली धमकियों को रोकने के लिए एक सिस्टम बनाना मुश्किल लग रहा है।

# यूएस रिप्रेजेंटेटिव ने भारत में पीओके और अक्साई चीन दिखाया, पाकिस्तान गुस्से में

चंडीगढ़/यूटर्न/11 फरवरी। जब इस महीने की शुरूआत में यूनाइटेड स्टेट्स ने भारत के साथ एक अंतरिम ट्रेड फ्रेमवर्क पेश किया, तो उम्मीद थी कि इसका फोकस टैरिफ, मार्केट एक्सेस और दो बड़ी ग्लोबल इकॅनमी के बीच आर्थिक रिश्तों को गहरा करने पर होगा। इसके बजाय, डिप्लोमैटिक और पब्लिक लेवल पर जिस चीज ने ध्यान खींचा, वह एग्रीमेंट का कोई क्लॉज नहीं था, बल्कि एक मैप था। यह विवाद तब शुरू हुआ जब यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) के ऑफिस ने ट्रेड अनाउंसमेंट के साथ सोशल मीडिया पर एक ग्राफिक शेयर किया। इमेज में पूरे केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर को, जिसमें पाकिस्तान के एडमिनिस्ट्रेटेड इलाके भी शामिल हैं, भारत का हिस्सा दिखाया गया था। इसमें अक्साई चीन को भी दिखाया गया था, जिस पर चीन का कंट्रोल है लेकिन भारत का दावा है, जो भारतीय इलाके में है।

### टैरिफ एडजस्टमेंट और मार्केट एक्सेस को बढ़ाना शामिल

इस घटना को जो बात खास बनाती है, वह यह है कि इसने ट्रेड डील के असलियत को कैसे दबा दिया। खबर है कि फ्रेमवर्क में टैरिफ एडजस्टमेंट और मार्केट एक्सेस को बढ़ाना शामिल है, जिसका मकसद बाइलेटरल कॉमर्स को बढ़ावा देना है। बातचीत में महीनों लग गए, जिसमें अलग-अलग सेक्टर में डिटेल में चर्चा हुई। फिर भी ट्रेड की टेक्निकल बातें, नंबर, परसेंटेज, सप्लाई चेन, एक ही विजुअल के इमोशनल और पॉलिटिकल वजन के आगे दब गईं।




### सिंबॉलिज्म दोनों तरफ से असर डाल सकता

हालांकि, इंटरनेशनल रिलेशन में सिंबॉलिज्म दोनों तरफ से असर डाल सकता है। पाकिस्तान ने कड़ा विरोध दर्ज कराया, यह तर्क देते हुए कि यह तस्वीर अमेरिका की लंबे समय से चली आ रही इस बात के उलट है कि कश्मीर एक विवादित इलाका है जिसे इंटरनेशनल रेजोल्यूशन के हिसाब से सुलझाया जाना चाहिए।

### यूएस मैप में पाक कब्जे वाला कश्मीर विवादित एरिया दिखाया

डिप्लोमैटिक शब्दों में, कार्टोग्राफी कभी भी न्यूट्रल नहीं होती। ऑफिशियल वर मैप में ट्रेडिशनली पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और अक्साई चीन को विवादित इलाकों के तौर पर दिखाया गया है। इसलिए वरळफ्ग्राफिक में यह दिखाया गया था। भारत में कई लोगों के लिए, यह नई दिल्ली के इलाके के दावों के साथ एक सिंबॉलिक अलाइनमेंट का संकेत था। सोशल मीडिया पर रिएक्शन तेजी से आए, यूजर्स ने इस इमेज को एक ट्रेड अनाउंसमेंट में छिपा हुआ एक हल्का लेकिन पावरफुल जियोपॉलिटिकल मैसेज बताया।

### डिप्लोमेसी की एक बड़ी सच्चाई दिखाती घटना

यह घटना आज की डिप्लोमेसी की एक बड़ी सच्चाई को दिखाती है: ऑप्टिक्स मायने रखते हैं। तुरंत डिजिटल एम्प्लीफिकेशन के इस जमाने में, इमेज अपने असली मकसद से कहीं ज्यादा स्ट्रेटेजिक मतलब निकाल सकती हैं। एक मैप, जिसे अक्सर सिर्फ एक बैकग्राउंड ग्राफिक के तौर पर देखा जाता है, एक डिप्लोमैटिक फ्लैशपॉइंट बन सकता है।

### भारत के लिए यह घटना अहम

भारत के लिए, यह घटना इसलिए अहम थी क्योंकि इलाके की एकता एक मुख्य राष्ट्रीय चिंता बनी हुई है। अमेरिका के लिए, इसने विवादित इलाकों के ऑफिशियल रिप्रेजेंटेशन में एक जैसा होने पर सवाल उठाए। और ग्लोबल पॉलिटिक्स पर नजर रखने वालों के लिए, यह एक याद दिलाने वाला था कि जियोपॉलिटिक्स और इकोनॉमिक्स को शायद ही कभी अलग किया जा सके। इस विवाद का ट्रेड फ्रेमवर्क पर कोई ठोस असर पड़ेगा या नहीं, यह देखना बाकी है। हालांकि, यह पहले से ही साफ है कि इंटरनेशनल रिलेशन के मैदान में, सिंबॉलिज्म कभी-कभी एग्रीमेंट से ज्यादा असरदार हो सकता है और एक मैप कुछ समय के लिए मार्केट पर भारी पड़ सकता है।

## बजट घोषणा पूरी: हरियाणा के 22 जिलों में शुरू हुए डे-केयर कैंसर सेंटर, मुख्यमंत्री ने 17 जिलों का किया वर्चुअल उद्घाटन

चंडीगढ़, यूटर्न, 11 फरवरी। हरियाणा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राज्य के सभी 22 जिलों में डे-केयर कैंसर सेंटर (DCCC) शुरू कर दिए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को चंडीगढ़ से 17 जिलों में इन सेंटरों का वर्चुअल उद्घाटन किया। इससे पहले पांच जिलों में ये सेंटर पहले ही शुरू किए जा चुके थे। यह घोषणा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में की गई थी, जिसे अब पूरी तरह लागू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डे-केयर कैंसर सेंटर सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने वाले हैं। कैंसर आज एक गंभीर चुनौती बन चुका है और इसका इलाज काफी महंगा है। ऐसे में सरकार का उद्देश्य मरीजों को उनके जिले में ही सुलभ, किफायती और बेहतर इलाज उपलब्ध कराना है।



उन्होंने बताया कि इन केंद्रों में कीमोथेरेपी, कैंसर ओपीडी, पेन व पेलिएटिव केयर और उपचार के बाद फॉलो-अप जैसी सुविधाएं निशुल्क मिलेंगी। यह सेंटर 'हब एंड स्पोक' मॉडल पर काम करेंगे, जहां पीजीआईएमएस रोहतक, एनसीआई झज्जर, सर्वोदय अस्पताल फरीदाबाद और अटल कैंसर केयर सेंटर अंबाला छावनी हब के रूप में मार्गदर्शन देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तर पर सुविधाएं मिलने से मरीजों के यात्रा और ठहराव का खर्च कम होगा। कैंसर मरीज और एक सहायक को हरियाणा रोडवेज में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जा रही है। वहीं स्टेज-3 और 4 के पात्र मरीजों को 3 हजार रुपये प्रतिमाह सहायता भी दी जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि यह पहल हर नागरिक के स्वास्थ्य के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और कैंसर के शीघ्र इलाज में मील का पत्थर साबित होगी।

## नशे का सेवन करते तीन युवक पुलिस द्वारा गिरफ्तार

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/11 फरवरी। पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में गश्त के दौरान नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। थाना सदर रायकोट के एएसआई जगदीप सिंह की टीम ने दाना मंडी कलसिया के पास रवि सिंह (निवासी कलसिया) को रंगे हाथों नशा करते हुए पकड़ा। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने की कोशिश की, जिसे मौके पर ही काबू कर लिया गया। थाना सिटी रायकोट की एचसी हरपाल कौर ने अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श (निवासी गोंदवाल) तलवंडी रोड स्थित सुए की पटरी के पास नशा करते काबू किया। थाना दाखा के एएसआई इंद्रजीत सिंह ने मुल्लांपुर-गुरमति भवन रोड पर एक व्यक्ति को नशा करते पकड़ा। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## सोना-चांदी के दाम में मजबूती, निवेशकों की दिलचस्पी बनी

नई दिल्ली, यूटर्न, 11 फरवरी। आज भारतीय सराफा बाजार में सोना और चांदी दोनों के दाम में मजबूती दर्ज की गई। सोने की कीमतें प्रमुख शहरों में उच्च स्तर पर कारोबार कर रही हैं और चांदी के भाव में भी उछाल देखा गया है। अभी 24 कैरेट सोना लगभग 1,58,000 प्रति 10 ग्राम के करीब टिका हुआ है, जबकि चांदी का भाव लगभग 2,90,000 प्रति किलोग्राम रहा। कीमतों में यह वृद्धि वैश्विक संकेतों और सुरक्षित संपत्ति की तरफ निवेशकों की प्रवृत्ति के कारण बनी हुई है।



चंड़ीगढ़

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

III गुरूवार, 12 फरवरी 2026



पेज 08 विधायक पराशर और जिलाधीश जैन ने...

# हल्लोमाजरा वार्ड-20 में दूषित पानी से हाहाकार, लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 11 फरवरी। शहर के हल्लोमाजरा वार्ड नंबर-20 में जलापूर्ति व्यवस्था गंभीर सवालों के घेरे में आ गई है। क्षेत्र में कथित रूप से पीने के पानी की पाइपलाइन सीवर लाइन के बेहद समीप—और कुछ स्थानों पर उसके संपर्क में—बिछी होने के कारण घर-घर दूषित पानी पहुंचने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बदबूदार और मटमैला पानी कई दिनों से सप्लाई हो रहा है, जिससे पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है।







### 'नल से आ रहा है बदबूदार पानी'

निवासियों का कहना है कि पानी में तेज दुर्गंध और रंग में बदलाव साफ नजर आ रहा है। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का आरोप है कि शिकायतें देने के बाद भी अधिकारी मौके पर जांच के लिए नहीं पहुंचे। मजबूरन परिवार इसी पानी को पीने और घरेलू उपयोग में ला रहे हैं।

### संक्रामक बीमारियों का खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, यदि पेयजल सीवर लाइन के संपर्क में आता है तो हैजा, टाइफाइड, पीलिया और गैस्ट्रो जैसी जलजनित बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। वार्ड में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर विशेष चिंता जताई जा रही है। कई घरों में पेट दर्द, उल्टी-दस्त जैसी शिकायतें भी सामने आने की बात कही जा रही है।

### सोशल वर्कर का कड़ा रोष

सोशल वर्कर अरविंद सिंह ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा सीवर के संपर्क में आया पानी पीने के लिए जहर के समान है। यदि समय रहते जलापूर्ति पाइपलाइन को सीवर लाइन से अलग नहीं किया गया, तो यह बड़ा स्वास्थ्य संकट बन सकता है। इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। उन्होंने मांग की कि जलापूर्ति पाइपलाइन को तुरंत सुरक्षित दूरी पर दोबारा बिछाया जाए, पानी के सैंपल लेकर लैब जांच कराई जाए और रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, ताकि लोगों को स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल मिल सके।

### प्रशासन पर सवाल, जवाब का इंतजार

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वे सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। वार्ड-20 के निवासियों ने चेतावनी दी है कि जनस्वास्थ्य से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर प्रशासन की चुप्पी स्वीकार नहीं की जाएगी। फिलहाल, नगर निगम और संबंधित विभाग की ओर से आधिकारिक बयान का इंतजार है। इलाके के लोग तत्काल निरीक्षण, पाइपलाइन सुधार और नियमित पानी की गुणवत्ता जांच की मांग कर रहे हैं, ताकि किसी बड़े स्वास्थ्य संकट से पहले हालात काबू में लाए जा सकें।

# चंडीगढ़ में पार्षद-अफसर जोड़ रहे संपत्तियां, सदन में लगे आरोप, अब एसेट-लायबिलिटी सर्टिफिकेट के जरिए होगी जांच



चंडीगढ़, यूटर्न, 11 फरवरी। चंडीगढ़ नगर निगम की बुधवार को हुई हाउस मीटिंग कई मायनों में अहम रही। सदन में हंगामे और आरोप-प्रत्यारोप के बीच एक बड़ा फैसला लिया गया। अब पार्षदों और नगर निगम अधिकारियों को अपनी संपत्ति और देनदारियों का पूरा ब्यौरा देना होगा।

इसके लिए सभी को एसेट-लायबिलिटी सर्टिफिकेट जमा कराना अनिवार्य किया जाएगा और संपत्ति में हुई बढ़ोतरी की प्रशासनिक जांच भी कराई जाएगी। यह फैसला सदन में पार्षदों और निगम अधिकारियों द्वारा संपत्तियां जोड़ने के आरोप सामने आने के बाद लिया गया। पार्षद कंवरजीत राणा ने सदन में आरोप लगाया कि कई पार्षदों ने फार्म हाउस बना लिए हैं और बड़ी संपत्तियां खड़ी कर ली हैं। उन्होंने यह भी कहा कि निगम के कुछ अधिकारियों ने भी अपने कार्यकाल के दौरान काफी संपत्ति जोड़ी है।

इस पर नगर निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि अब सभी पार्षदों और अधिकारियों को एसेट-लायबिलिटी सर्टिफिकेट जमा कराना होगा। यह सर्टिफिकेट केवल निगम कार्यालय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रशासन के पास भी भेजा जाएगा ताकि स्वतंत्र रूप से जांच कराई जा सके। सदन में मौजूद सभी पार्षदों ने इस प्रक्रिया पर सहमति जताते हुए कहा कि उन्हें इससे कोई आपत्ति नहीं है।

### कांग्रेस-AAP की खींचतान भी आई सामने

बैठक के दौरान कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच आपसी मतभेद भी खुलकर सामने आए। कांग्रेस पार्षदों ने आम आदमी पार्टी के प्रभारी जरनैल सिंह का विरोध करते हुए उन पर गठबंधन तुड़वाने का आरोप लगाया। कांग्रेस पार्षदों के इस आरोप पर आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने भी कड़ा ऐतराज जताया, जिससे सदन में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया।

कुल मिलाकर, नगर निगम की यह बैठक न सिर्फ हंगामेदार रही, बल्कि पार्षदों और अधिकारियों की संपत्ति की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम के रूप में भी देखी जा रही है।

# डोर-टू-डोर सफाई कर्मचारी सुरेंद्र कांगड़ा जॉइंट कमिश्नर कार्यालय में घुसे, निगम दफ्तर में हंगामा

चंडीगढ़, यूटर्न, 11 फरवरी। चंडीगढ़ नगर निगम के जॉइंट कमिश्नर कार्यालय में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण से जुड़े सफाई कर्मचारी सुरेंद्र कांगड़ा अचानक कार्यालय में घुस आए। बताया जा रहा है कि वह अपनी मांगों को लेकर अधिकारियों से सीधे बात करना चाहते थे।





प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुरेंद्र कांगड़ा काफी नाराज दिखाई दे रहे थे और उन्होंने निगम प्रशासन पर डोर-टू-डोर सफाई कर्मचारियों की अनदेखी का आरोप लगाया। उनका कहना था कि लंबे समय से कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को उठाया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही निगम के अन्य अधिकारी और सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत कराया। जॉइंट कमिश्नर ने संबंधित कर्मचारियों की समस्याएं सुनने का आश्वासन दिया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है और बातचीत के जरिए समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। फिलहाल इस मामले को लेकर निगम की ओर से कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया के नेतृत्व में नशा माफिया पर बड़ी कार्रवाई



खन्ना (लुधियाना), यूटर्न, 11 फरवरी। पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सोच और डीजीपी गौरव यादव की सख्त रणनीति के तहत चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहारइ2 में खन्ना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया के नेतृत्व में दो नशा तस्करों की करीब 1.57 करोड़ रुपये की संपत्ति फ्रीज की गई है और संबंधित अथॉरिटी को रिपोर्ट भेजी गई है। एसएसपी ने बताया कि जसमेव सिंह उर्फ जस्सा, निवासी माछीवाड़ा साहिब, के खिलाफ 2015 से अब तक नशा तस्करी के चार मामले दर्ज हैं। जांच में सामने आया कि उसने भुक्की, अफीम और हेरोइन की तस्करी से करीब 1.27 करोड़ रुपये की संपत्ति बनाई, जिसे फ्रीज किया गया है। वहीं, बलजिंदर सिंह, निवासी मलौद रोड, से 16 सितंबर 2025 को 54 किलो भुक्की बरामद की गई थी। उसने नशे से करीब 29.50 लाख रुपये की संपत्ति बनाई थी, जिसे भी फ्रीज कर दिया गया है। एसएसपी ने कहा कि नशा तस्करों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उनकी अवैध कमाई पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## Happy Birthday



Radhika

# मां बगलामुखी धाम में 243 घंटे के आखंड महायज्ञ का शुभारंभ

## महायज्ञ से मिलती है धर्म सेवा, त्याग और लोककल्याण की प्रेरणा : महंत प्रवीण चौधरी जी





लुधियाना/यूटर्न/11 फरवरी। पक्खोवाल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में महंत प्रवीण चौधरी जी के सान्धिय में 243 घंटे का आखंड महायज्ञ का शुभारंभ हुआ । मां बगलामुखी के अति प्रिय पीले रंग से सजे मां बगलामुखी धाम में सर्वप्रथम कंजक पूजन कर मां बगलामुखी का आलौकिक शिंगार का विधिवत पूजन किया गया । विद्वान ब्राह्मणो की तरफ से उच्चारित वैदिक मंत्रो व शंखनाद के साथ संत समाज की उपस्थिति में महंत प्रवीण जी ने मुख्य यजमानों सहित आहूतियां डालकर आखंड महायज्ञ का शुभारंभ किया । महायज्ञ के प्रथम दिन सामाजिक,धार्मिक व सामाजिक प्रतिनिधियों सहित हजारों भक्तों ने आहूतियां डालकर अपने लिए खुशियां झोलिया से भरने की प्रार्थना की । इसके साथ साथ धाम की तरफ से खूनदान के माध्यम से सेवा के महाकुंभ का भी शुभारंभ किया गया वही देश व पंजाब की खुशहाली के लिए संयुक्त रूप से प्रार्थना की गई । धाम की महिला सेवकों ने विशेषरूप से तैयार पीले रंग की विशेष वेशभूषा मां बगलामुखी को अर्पित की । सेवकों ने धाम के पधारे भक्तों का तिलक लगाकर स्वागत किया । मां बगलामुखी को अर्पित भोग लंगर के रूप में भक्तो को वितरि हुए । महंत प्रवीण चौधरी जी ने महायज्ञ की महत्वता बताते हुए कहा कि आध्यात्मिक दृष्टि से महायज्ञ आत्मशुद्धि



का माध्यम है। यज्ञ हमें संयम, अनुशासन और कर्तव्यबोध का पाठ पढ़ाता है। यह हमें स्मरण कराता है कि मनुष्य का वास्तविक धर्म सेवा, त्याग और लोककल्याण है। यदि हम यज्ञ के मूल भाव यानी त्याग, सेवा और कल्याण को अपने दैनिक जीवन में उतार लें,तो निश्चयय ही एक समरस, शांत और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। मुख्य सेवादार मनप्रीत छतवाल ने आखंड महायज्ञ के शुभारंभ की बधाई देते हुए कहा कि आखंड महायज्ञ आपसी प्रेम और सौहार्द की प्रतीक बनेगा । इस अवसर पर सेवक नवनजोत छतवाल,कर्ण शांडिल्या,सुनील महाजन,रमन घई,जतिन्द्र सूद,मोहित सूद,राणा रणजीत सिंह,दिनेश रल्ली,वरूण जैन,प्रशोतम चौधरी,बौबी मक्कड,गुनीत खेड़ा,गौतम सचदेवा,नरेन्द्र महाजन,राज सोंलकी,गौरव कालिया,परमवीर सिंह,अर्जुन होरा,चेतन टंडन,इकबाल सिंह,वरुण दत्त,अजय जैन, राहुल व अन्य भी उपस्थित थे ।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Doctrine of Double Jeopardy:**

एक ही अपराध के लिए दो बार सजा क्यों नहीं दी जा सकती?

अक्सर यह सवाल उठता है कि क्या किसी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए दोबारा मुकदमे में घसीटा जा सकता है। कानून का स्पष्ट जवाब है— नहीं। इसी सिद्धांत को Doctrine of Double Jeopardy कहा जाता है। इसका मूल विचार यह है कि किसी व्यक्ति को उसी अपराध के लिए बार-बार जोखिम या सजा के सामने नहीं रखा जा सकता।

यह सिद्धांत व्यक्ति को अनिश्चितता और उत्पीड़न से बचाने के लिए बनाया गया है। यदि एक बार सक्षम अदालत किसी अपराध पर अंतिम निर्णय दे चुकी है— चाहे दोषसिद्धि हो या बरी— तो उसी तथ्य और उसी अपराध पर नया मुकदमा चलाना न्यायसंगत नहीं माना जाता। कानून यह सुनिश्चित करता है कि फैसलों की अंतिमता बनी रहे।

यह भी समझना जरूरी है कि Double Jeopardy हर स्थिति में लागू नहीं होता। यदि किसी एक ही घटना से अलग-अलग, स्वतंत्र अपराध बनते हैं, तो उन पर अलग-अलग कार्यवाही हो सकती है। लेकिन एक ही अपराध को अलग नाम देकर या अलग मंच पर घुमाकर फिर से उठाना स्वीकार्य नहीं है।

इस सिद्धांत का उद्देश्य दोषियों को बचाना नहीं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया को संतुलित रखना है। बिना इस सुरक्षा के, किसी व्यक्ति को बार-बार मुकदमों में उलझाकर दंडित किया जा सकता है— भले ही वह पहले ही न्यायिक प्रक्रिया से गुजर चुका हो।

Double Jeopardy न्यायिक व्यवस्था में भरोसा पैदा करता है। इससे यह संदेश जाता है कि अदालत का फैसला मायने रखता है और उसका सम्मान किया जाएगा।

निष्कर्ष: Doctrine of Double Jeopardy न्यायिक निश्चितता की रक्षा करता है। एक ही अपराध के लिए बार-बार सजा या मुकदमा— न्याय नहीं, उत्पीड़न है। कानून इस सिद्धांत के जरिये व्यक्ति और व्यवस्था— दोनों की सुरक्षा करता है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### एपस्टिन डेयरीज
### मानवता पर एक काला धब्बा

एपस्टिन डेयरीज का मामला यह दिखाता है कि इंसान कभी-कभी लालच और स्वार्थ में कितना नीचे गिर सकता है। जब कोई संस्था या व्यक्ति केवल लाभ कमाने के लिए नैतिकता और मानवता को भूल जाता है, तो उसका असर समाज पर बहुत बुरा पड़ता है। ऐसे मामलों में यह साफ दिखाई देता है कि कैसे किसी इंसान ने शैतानियत की हद तक जाकर काम किया और मानवता को शर्मसार किया। अगर कोई कंपनी लोगों की सेहत, पर्यावरण या जानवरों यहाँ तक की इन्सानों तक के साथ गलत व्यवहार करती है, तो यह केवल कानून का नहीं बल्कि इंसानियत का भी उल्लंघन होता है। समाज का हर व्यक्ति उम्मीद करता है कि जो लोग समाज के सामने अपनी आदर्श छवि दिखाने का प्रयास करते हैं वे सच में आदर्शवाद को अपने जीवन में भी अपनाते हों लेकिन जब सच्चाई इसके उलट निकलती है, तो लोगों का भरोसा टूट जाता है। यह घटना हमें सिखाती है कि केवल पैसा ही सब कुछ नहीं होता। इंसान को हमेशा अपने कर्मो के सामाजिक और नैतिक प्रभाव के बारे में सोचना चाहिए। अगर हम सब मिलकर सही और गलत का फर्क समझें और गलत कामों का विरोध करें, तो समाज को बेहतर बनाया जा सकता है। अब सही समय आ चुका है इन्सानियत की हदों को फिर से समझने का क्योंकि कोई भी समाज भले ही कितना भी तरक्की कर ले उसके लिए मानवता, करुणा और जिम्मेदारी ही उसकी असली तरक्की की पहचान है।

# सन्मति स्कूल में अध्यापक और विद्यार्थियों ने श्री सुखमणि साहिब का पाठ किया






चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/11 फरवरी। सन्मति विमल जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल जगरांव में अध्यापक और विद्यार्थियों ने मिलकर श्री सुखमणि साहिब का पाठ किया। पाठ के बाद, सभी की भलाई और आने वाले एग्जाम के लिए स्कूल के अच्छे रिजल्ट के लिए अरदास की गई। इस मौके पर प्रिंसिपल सुप्रिया खुराना ने विद्यार्थियों को आने वाले एग्जाम के लिए शुभकामनाएं दीं और उनसे कड़ी मेहनत और लगन से पेपर की तैयारी करने को कहा। उन्होंने दसवीं और बारहवीं क्लास के विद्यार्थियों से कहा कि बोर्ड एग्जाम में मिले अच्छे नंबर विद्यार्थियों को अच्छे कोर्स और हायर स्टडीज के लिए मददगार होते हैं, इसलिए विद्यार्थियों को फाइनल एग्जाम में पढ़ाई के लिए ज्यादा से ज्यादा समय देना चाहिए। इस मौके पर स्कूल ने लंगर भी लगाया जिसमें स्टाफ और विद्यार्थियों ने कीमती योगदान दिया। इस मौके पर प्रधान रमेश जैन, वाइस प्रधान कांता सिंगला, सेक्रेटरी महावीर जैन, चंद्र प्रभा, शुभ जैन और स्टाफ मौजूद था।

# महान युग पुरुष थे - श्री अमर गुरुदेव



मानसा/यूटर्न/11 फरवरी। प्रज्ञा के जीवंत प्रतिमान आराध्य गुरुदेव, श्रुताचार्य, पूज्य प्रवर्तक श्री अमरमुनिजी म.सा. ने अपनी निर्मल प्रज्ञा ज्योति से समस्त जिनशासन एवं सम्पूर्ण मानव जाति को आलोकित किया। उन्होंने संघ और शासन सेवा के नए आयाम स्थापित किए और स्व-पर कल्याण की नई दिशाओं को उद्घाटित किया। श्रमण संघ के ऐसे देदीप्यमान उज्ज्वल शुभ नक्षत्र का जन्म अविभाज्य भारत के क्वेटा बलूचिस्तान में भादवा सुदी पंचमी, वि.सं. 1983 (तदानुसार ई.स. 1936) को श्रद्धानिष्ठ सेठ श्री दीवानचन्द जी मल्होत्रा के गृह आंगन में उनकी धर्मसंगिनी माता बसंती देवी जी की रत्न कुक्षी से हुआ। विभाजन के समय वे अपने माता-पिता के साथ भारत आए पर अंबाला रेलवे स्टेशन पर वे अपने माता-पिता से बिछुड़ गए। लुधियाना निवासी एक जैन श्रावक दैविक प्रेरणा से बालक को धर्म पुत्र मानकर अपने घर ले आए। आचार्य श्री आत्मारामजी म.सा. के परम भक्त वे श्रावकजी एक दिन बालक अमर को लुधियाना के रूपा मिस्त्री गली स्थित जैन स्थानक में आचार्यश्री के दर्शनार्थ लेकर गए। उस दिन महाश्रमणी श्री सीताजी म.सा. की सुशिष्या साध्वी रत्ना श्री महेन्द्राजी म.सा. का दीक्षा महोत्सव देखकर बालक अमर की मनोभूमि में सुप्त विरक्ति के बीज अंकुरित हुए और वे आचार्य श्री का प्रवचन श्रवण कर संबोधि को उपलब्ध हुए। दिव्यद्रष्टा आचार्यभगवन ने इस विलक्षण बालक को अपने अन्तेवासी पौत्र सुशिष्य भंडारी श्री पद्मचन्द्रजी म.सा. के वरदहस्त में सौंपा। उन्होंने कहा कि इस कोहिनूर को बड़े ध्यान से तराशना, यह एक दिन जैन संस्कृति का महान नायक बनेगा। वि.सं. 2008 (तदानुसार ई. सं. 1957) भादवा सुदी पंचमी को सोनीपत मंडी (हरियाणा) में उत्तर भारतीय प्रवर्तक प. पू. भंडारी श्री पद्मचन्द्रजी म.सा. के सुशिष्य के रूप में बालक अमर की जैन मुनि दीक्षा संपन्न हुई और वे संत श्री अमर मुनि जी कहलाए।

गुरु के कुशल निर्देशन में श्री अमर मुनि जी म.सा. ने भारतीय एवं पाश्चात्य धर्म - दर्शन का अगाध तलस्पर्शी अध्ययन किया। कुशल प्रवक्ता होने से जनमानस उन्हें वाणी के जादूगर के पावन संबोधन से संबोधित करता था। वे साधक, सर्जक और महान संघटक होने के साथ-साथ स्पष्टवादी और अनुशासन प्रिय थे। आचार्य श्री शिवमुनिजी म.सा. ने सन-2004 में उन्हें ₹उत्तर भारतीय प्रवर्तक₹ जैसे गरिमापूर्ण पद से अलंकृत किया। अपने गुरु के नाम से आपने सैंकड़ों जन कल्याणकारी संस्थाओं की स्थापना की, जिनमें पद्म धाम, पद्म प्रकाशन (नरेला मंडी, दिल्ली), गुरु पद्म ज्ञान मंदिर (विभिन्न क्षेत्रों में), गुरु पद्म जैन आई हॉस्पिटल (पश्चिम विहार, दिल्ली), गुरु पद्म जैन सहायता कोष (विभिन्न क्षेत्रों में), गुरु पद्म जैन साधना - आराधना केन्द्र (मानसा मंडी), गुरु पद्म जैन चैरीटेबल फिजियोथैरेपी हॉस्पिटल (मंडी निहाल सिंह वाला, पंजाब व श्री गंगानगर-राजस्थान) आदि मुख्य संस्थान हैं।

संयम साधना के साथ-साथ श्रुताचार्य श्री अमर मुनिजी ने सर्जना के अनेक प्रतिमान स्थापित किए और जैनागमों का सचित्र और अंग्रेजी भाषा में विश्व में सर्वप्रथम संपादन व प्रकाशन कर एक विश्व कीर्तिमान स्थापित किया, इसके अतिरिक्त अनेक साहित्यिक कृतियों की रचना कर मां शारदा के कोष की श्रीवृद्धि भी की। आपने अनेक सुयोग्य शिष्यों को संयम रत्न प्रदान किया, जिनमें उपप्रवर्तक डॉ. श्री सुव्रतमुनिजी म.सा., सेवारत्न श्री सुयोग्यमुनिजी म.सा., राष्ट्र संत श्री पंकजमुनिजी म.सा., तप सूर्य श्री पुनीतमुनिजी म.सा., सेवाप्रज्ञ श्री हर्षमुनिजी म.सा., भारत गौरव डॉ. श्री वरूणमुनिजी म.सा.अमर शिष्य आदि प्रमुख हैं।

13 फरवरी, 2013 वसंत पंचमी के दिन लुधियाना (पंजाब) में संथारा समाधि सहित सिविल लाइन जैन स्थानक में श्री अमर मुनि जी का महाप्रयाण हुआ। उनके पावन पुण्य स्मृति दिवस पर ऐसे युग पुरुष सद् गुरुदेव को अनंत श्रद्धा सहित कोटी-कोटी नमन-वंदन।

# पंजाब सरकार ने बुजुर्गों के सम्मान को दी मजबूती, पेंशन पर 3,806 करोड़ जारी



चंडीगढ़, यूटर्न 11 फरवरी 2026 — पंजाब सरकार ने साडे बुजुर्ग, साडा माण के संकल्प को मजबूती देते हुए वित्त वर्ष 2025-26 में वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत जनवरी 2026 तक 3,806 करोड़ रुपये जारी किए हैं। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि राज्य के 23.62 लाख से अधिक पात्र बुजुर्ग नागरिकों को हर माह 1,500 रुपये पेंशन दी जा रही है, जिससे वे सम्मान और सुरक्षा के साथ जीवन यापन कर सकें।

उन्होंने कहा कि पेंशन का समय पर और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने 4,100 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान रखा है। पेंशन वितरण में किसी भी तरह की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि बुजुर्ग समाज की विरासत हैं और 'रंगला पंजाब' के सपने को साकार करने के लिए उनकी सुरक्षा, सम्मान और खुशहाली बेहद जरूरी है।

# कर भला हो भला संस्था ने श्री खाटू शाम मंदिर के निर्माण के लिए दिया योगदान

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/11 फरवरी। सोसाइटी के चेयरमैन रोहित अरोड़ा, संरक्षक सुनील बजाज और प्रेसिडेंट विशाल शर्मा ने बताया कि जगरांव में श्री खाटू शाम मंदिर का निर्माण श्री खाटू शाम मंदिर वेलफेयर सोसाइटी द्वारा बड़े पैमाने पर किया जा रहा है और इस निर्माण कार्य में कर भला हो भला सोसाइटी ने 250 बोरी सीमेंट के बैक का योगदान पाया है। उन्होंने बताया कि सोसाइटी द्वारा इस साल किये जा रहे यह काम समाज सेवा के कामों की सीरीज के तहत 14वां प्रोजेक्ट है और लगातार, सोसाइटी जरूरतमंदों की मदद के लिए समय-समय पर समाज सेवा के प्रोजेक्ट चलाती है, साथ ही धार्मिक जगहों के निर्माण में भी संस्थाओं की मदद करती है। इस मौके



पर श्री खाटू श्याम मंदिर वेलफेयर सोसायटी (रजिस्टर्ड), जगरांव के प्रेसिडेंट प्रदीप बंसल, चेयरमैन अविनाश मित्तल ट्रेजरर अमित सिंगल मेंबर पवन गर्ग, कमल गुप्ता, कृष्ण गोयल, उमेश शर्मा ने सोसायटी के रोहित अरोड़ा चेयरमैन सुनील बजाज पैट्रन विशाल शर्मा प्रेसिडेंट नीरज कटारिया कैशियर नानेश गांधी ढफ्ढ कंवल कक्कड़ सेक्रेटरी मदन लाल अरोड़ा वाइस चेयरमैन, राजन बजाज और नीरज मित्तल को भी सम्मानित किया।

# इंडिगो की 68 दिन की राहत खत्म, आज से नए FDTL नियमों का सख्ती से पालन

नई दिल्ली, यूटर्न, 11 फरवरी। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो को फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (FDTL) नियमों के पालन में मिली 68 दिनों की अस्थायी राहत मंगलवार, 10 फरवरी 2026 को समाप्त हो गई। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने यह छूट




दिसंबर 2025 में आए गंभीर परिचालन संकट के बाद दी थी, ताकि एयरलाइन अपने पायलट रोस्टर और उड़ान संचालन को नए सुरक्षा मानकों के अनुरूप ढाल सके। अब बुधवार, 11 फरवरी 2026 से इंडिगो को बिना किसी अतिरिक्त छूट के संशोधित नियमों का पूर्ण पालन करना होगा। राहत अवधि के दौरान डीजीसीए ने इंडिगो की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी। एयरलाइन से प्रति घंटे फ्लाइट रिपोर्ट, साप्ताहिक व पाक्षिक प्रदर्शन विवरण मांगा गया। साथ ही एयरपोर्ट पर विशेष अधिकारी तैनात कर ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर से रियल-टाइम मॉनिटरिंग की गई। डीजीसीए पहले ही स्पष्ट कर चुका था कि सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। इंडिगो ने दावा किया है कि वह नए नियम लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। कंपनी ने क्रू शेड्यूलिंग में बदलाव करते हुए पायलट-टू-एयरक्राफ्ट रेशियो बढ़ाया और रिजर्व पायलट पूल मजबूत किया है। गौरतलब है कि दिसंबर 2025 में 5,500 से ज्यादा उड़ानें रद्द होने पर इंडिगो पर 22.2 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था। अब नए FDTL नियमों के तहत पायलटों के आराम, रात की उड़ानों की सीमा और थकान प्रबंधन पर सख्ती होगी, जिससे यात्रियों को सुरक्षित और सुचारू सेवा मिलने की उम्मीद है।

# ढंडारी बना लुधियाना का मिनी बस स्टैंड बना हब, बस माफिया बेखौफ




सुनील पांडे

लुधियाना/ यूटर्न / शहर के कई इलाकों से वढ बिहार जाने वाली बसों की संख्या दिन-ब-दिन बिना किसी डर के बढ़ती जा रही है। लेकिन RTO डिपार्टमेंट और ट्रैफिक पुलिस इन बसों को रोकने में नाकाम दिख रही है। इन प्राइवेट बस ड्राइवरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने सरकारी बस स्टैंड के बराबर अपना प्राइवेट बस स्टैंड बना लिया है, जहाँ से रोजाना बस माफिया दूसरे राज्यों के लिए बसें चला रहे हैं। लोकल लोगों ने डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन से इन बस ड्राइवरों के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक, प्राइवेट बस माफिया लुधियाना शहर के अंदरूनी इलाकों और अंबाला रोड पर ढंडारी कलां भारत पेट्रोल पंप के पास बिना डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन के डर के वढ बिहार के लिए बसें चला रहे हैं। इन बसों में सफर करने वाले माइग्रेंट कम्युनिटी का आर्थिक शोषण करने के साथ-साथ पंजाब ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के रेवेन्यू का भी चूना लगाया जा रहा है। इस बारे में मीडिया में खबर आने के बाद फळड डिपार्टमेंट और ट्रैफिक पुलिस समय-समय पर इन बस ड्राइवरों के खिलाफ एक्शन लेती है। इसके बावजूद ये बसें बिना किसी रोक-टोक के चलती हैं। ये बसें ओवरलोड होती हैं और बिना बिल के सामान भेजकर ऋळ की चोरी की जा रही है। इसके अलावा, छतों पर मोटरबाइक, एक्टिवा स्कूटर वगैरह भी लादे जा रहे हैं। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ट्रैफिक पुलिस दूसरी गाड़ियों के ओवरलोडिंग के चालान काट रही है, लेकिन इन बसों के कोई चालान नहीं काटे जा रहे। लोकल लोगों ने इन बसों के खिलाफ कानूनी एक्शन लेने की मांग की है। वहीं, वढ बिहार जाने वाले प्रवासी लोगों ने पंजाब सरकार से मांग की है कि हिमाचल प्रदेश की तरह ही वढ बिहार के लिए भी सरकारी बस स्टैंड से बस सर्विस शुरू की जाए।

# विधायक पराशर और जिलाधीश जैन ने किया किले में मैदान बनाने के कार्यों का उदघाटन

## मैं भी यहां खेलने के लिए आया करूंगा: विधायक पराशर

दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 11 फरवरी। शहर का एतिहासिक किला जो खंडहर बन चुका है और इस किले में अब विधायक अशोक पराशर पप्पी के प्रयास की मेहनत रंग लाई है। किले में अब रौनकें लौट आएंगी क्योंकि इस किले में अब खेल का मैदान बनने जा रहा है। विधानसभा हल्का सेंट्रल के अधीन आते शहर के ऐतिहासिक किले में बुधवार को खेल का मैदान बनाने के लिए निर्माण कार्यों का उदघाटन विधायक अशोक पराशर पप्पी और जिलाधीश हिमांशु जैन द्वारा किया गया। वार्ड नंबर 85 के अधीन पड़ते इस पुराने किले में बॉक्स मैदान का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर आप वार्ड प्रधान दीपक शर्मा, दीपांकर शर्मा, अलका मल्होत्रा आदि भी विशेष तौर पर उपस्थित हुए। इस अवसर पर



विधायक अशोक पराशर पप्पी और जिलाधीश हिमांशु जैन ने संयुक्त तौर पर कहा कि इलाके में क्रिकेट प्रेमियों की मांग को पूरा किया गया है और करीब 73.70 लाख रुपए की लागत वाले बॉक्स क्रिकेट मैदान को जल्दी तैयार करवाकर लोगों को समर्पित किया जाएगा, जहां नौजवान, बच्चे और बुजुर्ग दिन और रात के समय दूधिया रोशनी में क्रिकेट का आनंद ले सकेंगे।

# विधायक बग्गा ने बस्ती बाजीगर में नई आरएमसी रोड का किया उद्घाटन

लुधियाना/यूटर्न/11 फरवरी। विधानसभा क्षेत्र लुधियाना उत्तरी से विधायक मदन लाल बग्गा ने वार्ड नंबर 1 के अंतर्गत बस्ती बाजीगर की मुख्य सड़क के निर्माण कार्यो का उद्घाटन किया। विधायक बग्गा ने बताया कि इस आरएमसी परियोजना के तहत बस्ती बाजीगर की मुख्य सड़क के साथ-साथ लिंक सड़कों का भी निर्माण कराया जाएगा, जिस पर लगभग 40 लाख रुपये की लागत आएगी।

उन्होंने कहा कि इन सड़कों की हालत पिछले काफी समय से दयनीय बनी हुई थी, जिसके कारण राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना



करना पड़ रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने इस क्षेत्र की अनदेखी की, लेकिन अब सड़कों के निर्माण के बाद आवागमन सुचारु रूप से चल सकेगा। इस अवसर पर नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा पार्षद अमन बग्गा खुराना, रणधीर सिंह सीबिया, कुलदीप मक्कड़ और वरिंदर कॉफी भी उपस्थित थे।

# लुधियाना के सरकारी स्कूलों की 1000 छात्राओं को सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग, पहले चरण में 750 लड़कियां तैयार

लुधियाना/यूटर्न/11 फरवरी। महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए लुधियाना में सरकारी स्कूलों की छात्राओं के लिए व्यापक सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। स्पोर्ट्स, फिजिकल एजुकेशन, फिटनेस एवं लीजर स्किल काउंसिल (एसपीईएफएल-एससी) ने भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) के सहयोग से यह पहल शुरू की है। यह कार्यक्रम आईआरएफसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनोज कुमार दुबे के मार्गदर्शन में उनकी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है।

गुरु नानक देव भवन में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने आत्मरक्षा कौशल का सजीव प्रदर्शन किया। लगभग 1000 स्कूल व कॉलेज की छात्राएं पहले चरण में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं, जिनमें से 750 छात्राएं 12




दिवसीय गहन प्रशिक्षण मॉड्यूल पूरा कर चुकी हैं। प्रशिक्षण सत्र अलग-अलग सरकारी स्कूलों में प्रतिदिन एक घंटे के लिए आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें कक्षा 8वीं से 12वीं तक की छात्राएं भाग ले रही हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्राओं द्वारा सीखे गए आत्मरक्षा कौशल का प्रदर्शन रहा। समारोह में डिप्टी कमिश्नर लुधियाना हिमांशु जैन, आईएएस की ओर से उनकी प्रतिनिधि अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर प्रगति वर्मा, आईएएस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी डिंपल मदान, जिला खेल संयोजक कुलवीर सिंह, एसपीईएफएल-एससी के प्रतिनिधि गगनदीप ओबरॉय और आईआरएफसी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## उत्तराखंड के संगठन कार्यक्रम के दौरान युवाओं में झड़प, जमकर चली कुर्सियां, कई जख्मी



लुधियाना/यूटर्न/11 फरवरी। हैबोवाल कलां स्थित कुमाऊं भवन में उत्ताखंड के संगठन प्रोग्राम में जमकर कर्सियां व ईंटें चली। इस दौरान कई लोग जख्मी हो गए। इस मारपीट की वीडियो भी सामने आई है। जिसमें जमकर युवाओं द्वारा झड़प की जा रही है। दरअसल, उत्तरांचल- कुमाऊं विकास परिषद द्वारा आयोजित उत्तरैणी कौतिक 2026 के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसके समापन के बाद बाहर निकलते हुए गेट पर अचानक युवाओं के दो गुटों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों गुटों ने एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकनी शुरू कर दी। इसी बीच वहां से निकल रहे अन्य लोगों ने बीच बचाव करके उन्हें तितर बितर किया। उसके बाद मामला शांत किया गया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवक एक-दूसरे पर ताबड़तोड़ कुर्सियां बरसा रहे हैं जिससे पंडाल में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। वायरल हो रहे वीडियो में नजर आ रहा है कि, कार्यक्रम में अनाउंसमेंट चल रही है और लोग सांस्कृतिक प्रस्तुति का आनंद ले रहे हैं। वहीं, पीछे की सीटों पर हंगामा शुरू होता है। वहीं पुलिस का कहना है कि वीडियो उन्हें मिल चुका है, जिसकी जांच की जा रही है।

## मकान मालिक द्वारा ब्लैकमेल करने से परेशान होकर किराएदार महिला ने लगाया फंदा, मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/11 फरवरी। सुरजीत कॉलोनी में मकान मालिक द्वारा किराएदार महिला का नहाते हुए वीडियो बना लिया गया। जिसके बाद उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। जिससे परेशान



होकर महिला ने खुदकुशी कर ली। महिला ने मरने से पहले एक वीडियो बनाया और अपने पति को भेज दिया। जिसमें उसने मकान मालिक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला की पहचान रोजी के रुप में हुई है। थाना टिब्बा की पुलिस ने मकान मालिक सतनाम उर्फ टिक्का और उसकी पत्नी पुष्पा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मैं अब नहीं जी सकती सॉरी जी..मैं अब आपका साथ यहीं पर छोड़कर जा रही हूं..इससे ज्यादा नहीं जी सकती। हमने कई बार अपना घर चेंज करने की कोशिश की, आपने हमारी बातों का कभी विश्वास नहीं किया। वह इसी चीजों का फायदा उठा गया। उसने यानि कि मकान मालिक ने मेरी नहाते हुए वीडियो बना ली थी। जिसके बाद वह कह रहा था कि मेरे साथ संबंध बनाओ या 50 हजार रुपए दो। लेकिन उसकी बात न मानने पर वह धमकाने लगा। रोजी का एक बेटा और एक बेटी है। जिनके पूरी जिम्मेदारी रोजी के कंधों पर थी।

## नशीली गोलियों व कैप्सूल सहित दो आरोपी गिरफ्तार

जगरांव/यूटर्न/11 फरवरी। पुलिस ने नशा विरोधी मुहिम के तहत दो अलग-अलग स्थानों से दो व्यक्तियों को नशीली दवाओं सहित काबू किया है। पहले मामले में थाना सुधार के हेड कांस्टेबल सुखदेव सिंह की टीम ने गांव टूसा के सूए के पुल के पास से दर्शन सिंह (62) निवासी राजगढ़ को गिरफ्तार किया। आरोपी से 10 नशीली गोलियां बरामद हुईं। दूसरे मामले में थाना सदर जगराओं ने ऑपरेशन प्रहार-2 के तहत चेकिंग के दौरान इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह की टीम ने गांव सवद्दी खुर्द से लखविंदर सिंह उर्फ सगड़ को काबू कर 13 नशीले कैप्सूल बरामद किए।

# आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, पाकिस्तानी हैंडलर से संपर्क, एक गिरफ्तार, आईईडी, विदेशी और भारी गोला-बारूद बरामद

पंजाब/यूटर्न/11 फरवरी। अमृतसर में स्टेट स्पेशल ऑपरेशंस सेल (सरडउ) ने एक खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान समर्थित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस अभियान में पुलिस ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक रिमोट कंट्रोल से संचालित इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), एक विदेशी निर्मित पिस्तौल और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान स्थित अपने हैंडलर के सीधे संपर्क में था। वह एन्क्रिप्टेड डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी से बचते हुए आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहा था।



**डीजीपी गौरव यादव ने साझा की जानकारी...**डीजीपी गौरव यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि, पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि बरामद आतंकी खेप सीमा पार से पाकिस्तान की ओर से भेजी गई थी। इसे अमृतसर के ऑटो किरटो क्षेत्र में एक पूर्व निर्धारित स्थान से बरामद किया गया। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि बरामद रिमोट कंट्रोल आईईडी का इस्तेमाल किसी बड़े आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए किया जाना था। समय रहते की गई इस कार्रवाई से एक संभावित बड़े हादसे को टाल दिया गया है और राज्य की सुरक्षा को गंभीर खतरे से बचाया गया।

# मौलीजागरा में दूषित पानी से मासूम की मौत पर कांग्रेस का भाजपा शासित नगर निगम पर तीखा प्रहार

## दो दिन में समाधान नहीं तो नगर निगम का घेराव: एच.एस. लक्की

चंडीगढ़, यूटर्न, 11 फरवरी। मौलीजागरा में दूषित पानी की सप्लाई के कारण एक मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत और एक अन्य बच्चे के गंभीर रूप से बीमार होकर अस्पताल में भर्ती होने की घटना ने पूरे शहर को झकझोर दिया है। इस गंभीर लापरवाही के खिलाफ आज चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस के कॉलोनी सेल के अध्यक्ष मुकेश राय, चंडीगढ़ कांग्रेस प्रदेश महासचिव अच्छेलाल जी, सोनिया जायसवाल सचिव,प्रदेश सचिव लेखपाल और ब्लॉक अध्यक्ष विनय मिश्रा डॉक्टर हसन जी , पवन कुमार जी, धर्मेंद्र जी,नेतृत्व में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों और कांग्रेस कार्यकताओं ने मौलीजागरा कम्युनिटी सेंटर के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया और भाजपा शासित नगर निगम का पुतला फूंका।





चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने कड़े शब्दों में भाजपा शासित नगर निगम को इस त्रासदी के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और बदइंतजामी का परिणाम है। लक्की ने चेतावनी देते हुए कहा कि ह्वचंडीगढ़ को दूसरा इंदौर नहीं बनने दिया जाएगा, जहां दूषित पानी के कारण कई लोगों की जान गई थी। मौलीजागरा की घटना भाजपा की नाकामी का जीवंत उदाहरण है।

उन्होंने बताया कि मौलीजागरा में पानी की लाइन और सीवर लाइन बेहद नजदीक हैं। जैसे ही सीवर लाइन में लीकेज होती है, गंदा पानी पेयजल में मिल जाता है, जिससे कॉलोनीवासी दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन नगर निगम ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

कांग्रेस ने यह मुद्दा नगर निगम सदन में भी जोरशोर से उठाया। कांग्रेसी पार्षदों ने हाथों में तख्तियां लेकर भाजपा के खिलाफ विरोध दर्ज कराया और कहा कि शहरवासियों की सेहत के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एच.एस. लक्की ने प्रशासन और नगर निगम से मांग की कि तुरंत सभी पानी की लाइनों की व्यापक जांच कराई जाए, जहां-जहां रिसाव है उसे प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाए और प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत व मुआवजा दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि दो दिन के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस पार्टी नगर निगम का घेराव करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी भाजपा की होगी। कांग्रेस ने दोहराया कि वह जनहित से जुड़े हर मुद्दे को मजबूती से उठाती रहेगी और भाजपा की नाकामियों को जनता के सामने लाती रहेगी। मौलीजागरा की यह त्रासदी शहर की आंखें खोलने के लिए काफी है अब भी अगर प्रशासन नहीं जागा, तो जनता सड़कों पर जवाब लेने को मजबूर हो जाएगी।

# पत्नी से अवैध संबंध के शक में पड़ोसी ने गोली मारकर की व्यक्ति की हत्या, घर आने से किया था मना

पंजाब/यूटर्न/11 फरवरी। मोगा के धर्मकोट थाना क्षेत्र के गांव कैलां में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक को अपनी पत्नी के पड़ोसी के साथ अवैध संबंध होने का शक था, जिसके चलते दोनों के बीच रंजिश चल रही थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, यह घटना देर शाम करीब सात बजे हुई। गांव कैलां निवासी इंद्रजीत सिंह उर्फ सोनी ने अपने पड़ोसी भरपूर सिंह के सिर में अपनी 32 बोर लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मार दी, जिससे भरपूर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आरोपी घटना के समय शराब के नशे में था।



## पत्नी के साथ अवैध संबंध का शक

डीएसपी धर्मकोट जसवरिंदर सिंह ने बताया कि मृतक भरपूर सिंह को शक था कि उसकी पत्नी के इंद्रजीत सिंह उर्फ सोनी के साथ अवैध संबंध हैं। इसी शक के कारण भरपूर सिंह ने सोनी को अपने घर आने से मना किया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी इंद्रजीत सिंह उर्फ सोनी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी घटना के बाद से फरार है और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

# शादी समारोह से बाहर बुलाकर दोस्तों ने की युवक की हत्या, एक ने पकड़े दोनों हाथ, दूसरे ने किरच से किया हमला

पंजाब/यूटर्न/11 फरवरी। पंजाब के फरीदकोट में दो दोस्तों ने अपने एक साथी की किरच (धारदार हथियार) से हमला कर बेरहमी से हत्या कर दी। यह वारदात मंगलवार-बुधवार मध्य रात को चांद मैरिज पैलेस के बाहर पेश आई। जहां ये सभी एक विवाह समारोह में शामिल थे। दो दिन इसी विवाह से संबंधित जागो पार्टी के दौरान आपस में हुई कहासूनी की रंजिश में हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया। मृतक की पहचान न्यू कैंट रोड निवासी दिलप्रीत सिंह (28) के रूप में हुई और इस मामले में थाना सिटी पुलिस ने मृतक के पिता गुरप्यार सिंह के बयान पर मृतक के दो दोस्तों भान सिंह कालोनी निवासी खुशप्रीत सिंह और गांव पिपली निवासी बलविंदर सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



## दोस्तों में हुई थी मामूली कहासुनी

दिलप्रीत सिंह अपने दोस्त अनिल रावत की शादी में परिवार समेत शामिल होने गया था। शादी समारोह में उसके अन्य दोस्त भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि शादी वाले घर मे दो दिन पहले जागो पार्टी के दौरान दिलप्रीत सिंह की अपने ही दोस्त खुशप्रीत सिंह के साथ मामूली कहासुनी हो गई थी। मंगलवार रात चांद पैलेस में शादी समारोह चल रहा था। इसी दौरान जब दिलप्रीत सिंह खाना खा रहा था, तब खुशप्रीत सिंह और उसका एक अन्य साथी उसे बाहर बुलाकर ले गए। वहां एक ने उसकी दोनों बाजू पकड़ लीं, जबकि दूसरे ने उस पर किरच से लगातार वार किए। गंभीर रूप से घायल दिलप्रीत किसी तरह अंदर पहुंचा, लेकिन अधिक खून बहने के कारण उसकी मौत हो गई।

# तस्करी की कोशिश, जोधां पुलिस ने 120 ग्राम गांजे के साथ तस्कर दबोचा

जगरांव/यूटर्न/11 फरवरी। नशे के सौदागरों पर नकेल कसते हुए थाना जोधां की पुलिस ने एक तस्कर को 120 ग्राम गांजे समेत गिरफ्तार किया है। आरोपी दिव्यांगों के लिए इस्तेमाल होने वाली विशेष स्कूटर की आड़ में नशा सप्लाई करने की फिराक में था। ए.एस.आई. जसपाल सिंह अपनी टीम के साथ सरकारी गाड़ी में इलाके की चेकिंग के लिए जोधां से नारंगवाल की ओर जा रहे थे। जब पुलिस पार्टी दाना मंडी जोधां के पास पहुंची, तो वहां एक काले रंग की ळश्ठ जुपिटर स्कूटी पर सवार एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में दिखा। पुलिस की गाड़ी देखते ही आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद पुलिस टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान इकबाल सिंह पुत्र गुरमेल सिंह, निवासी शहजाद (थाना जोधां) के रूप में हुई है।

# ग्राम न्यायालय मुद्दे पर पंजाब सरकार सख्त, सभी कानूनी विकल्पों की करेगी पड़ताल: सीएम भगवंत मान





चंडीगढ़, यूटर्न, 11 फरवरी। ग्राम न्यायालयों को लेकर केंद्र सरकार के कदम पर आपत्ति जताते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा है कि यह व्यवस्था राज्य में व्यावहारिक नहीं है और वकील समुदाय के हितों के खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजाब सरकार इस मुद्दे पर सभी कानूनी विकल्पों की पड़ताल करेगी और कानूनी विशेषज्ञों की एक समिति गठित की जाएगी। साथ ही मामला केंद्र सरकार के समक्ष भी उठाया जाएगा। म्यूनिसिपल भवन में 65 बार एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में पहले ही लोगों को 20 किलोमीटर के दायरे में अदालतों तक पहुंच उपलब्ध है, ऐसे में ग्राम न्यायालयों की जरूरत नहीं बनती। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका में कानून का राज और नैतिकता सर्वोपरि होनी चाहिए तथा सरकार वकील बिरादरी के हितों की रक्षा के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। सीएम मान ने कहा कि नए डे-केयर और जिला स्तरीय ढांचे से लोगों को सस्ता और सुलभ न्याय मिलेगा। उन्होंने वकीलों से समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सहायता देने के लिए एनजीओ बनाने का भी आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि म्यूनिसिपल भवन अब 'नियुक्ति भवन' बन चुका है, जहां अब तक करीब 50 हजार नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने दोहराया कि पंजाब सरकार जनता केंद्रित फैसलों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# सेक्टर-25डी में नए कम्युनिटी सेंटर के निर्माण का प्रस्ताव, मेयर से एजेंडा में शामिल करने की मांग



चंडीगढ़, यूटर्न, 11 फरवरी। सेक्टर-25डी, चंडीगढ़ में नए और आधुनिक कम्युनिटी सेंटर के निर्माण को लेकर नगर निगम से मांग की गई है। इस संबंध में मेयर, नगर निगम चंडीगढ़ को लिखे गए पत्र में इस प्रस्ताव को एजेंडा आइटम के रूप में शामिल करने का अनुरोध किया गया है।

प्रस्ताव में कहा गया है कि सेक्टर-25डी की आबादी करीब 25 हजार है और क्षेत्र की सामाजिक, सांस्कृतिक व सामुदायिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक बड़े और सुविधायुक्त कम्युनिटी सेंटर की तत्काल आवश्यकता है। वर्तमान में सेक्टर-25डी में एक स्मॉल कम्युनिटी सेंटर और एक कम्युनिटी सेवा केंद्र मौजूद है, जिनका निर्माण नगर निगम द्वारा जुलाई 2011 में किया गया था।

## मौजूदा ढांचा नाकाफी

जानकारी के अनुसार, मौजूदा परिसर का कुल प्लॉट एरिया लगभग 19 हजार वर्ग फुट (करीब 0.44 एकड़) है, जबकि कुल कवर एरिया मात्र 3,433 वर्ग फुट है। प्रस्ताव में स्पष्ट किया गया है कि मौजूदा इमारतें आकार, क्षमता और सुविधाओं के लिहाज से पूरी तरह अपर्याप्त हैं। इन्हीं सीमाओं के कारण यहां सामाजिक कार्यक्रमों, सामुदायिक आयोजनों और सार्वजनिक बैठकों के लिए बुकिंग संभव नहीं हो पा रही है। वर्तमान स्थिति में स्मॉल कम्युनिटी सेंटर का उपयोग एरिया पार्षद के कार्यालय के रूप में किया जा रहा है। वहीं कम्युनिटी सेवा केंद्र के ग्राउंड फ्लोर पर डिस्पेंसरी संचालित हो रही है और प्रथम तल पर ऊ्अ -ढवछट गतिविधियां चलाई जा रही हैं। प्रस्ताव में यह भी उल्लेख किया गया है कि सेक्टर-25 के स्वीकृत लेआउट प्लान के अनुसार डिस्पेंसरी और कम्युनिटी सेवा केंद्र के लिए वैकल्पिक खाली स्थल पहले से ही चिन्हित किया जा चुका है।

## पुराने ढांचे को गिराकर नए सेंटर का प्रस्ताव

इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव दिया गया है कि मौजूदा भवनों को ध्वस्त कर उसी स्थान पर एक आधुनिक, सुविधाओं से लैस कम्युनिटी सेंटर का निर्माण किया जाए। इससे सेक्टर-25डी के निवासियों को सामाजिक, सांस्कृतिक और जनकल्याण गतिविधियों के लिए बेहतर और पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सकेगा। प्रस्ताव में मेयर से अनुरोध किया गया है कि इस परियोजना को शीघ्र शुरू करने के लिए आवश्यक प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाए और संबंधित कार्रवाई तत्काल शुरू की जाए।

# 6 नशा तस्कर गिरफ्तार, हेरोइन बरामद

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/11 फरवरी। जिला लुधियाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाते हुए गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की और 6 लोगों को भारी मात्रा में हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। जिसमें थाना सिधवां बेट के एएसआई गुरसेवक सिंह ने आरोपी पलविंदर सिंह उर्फ पप्पू (निवासी अक्कूवाल) और लक्ष्मी उर्फ सिम्मी (निवासी कनिया हुसैनी) को 10 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। वहीं एएसआई राजविंदरपाल सिंह ने मनजीत कौर उर्फ रानी (निवासी अब्बूपुरा) को 10 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। थाना हठूर के एएसआई कुलवंत सिंह ने दाना मंडी हठूर के गेट के पास से जगमोहन सिंह उर्फ मोहना (निवासी चक भाईका) और भवनदीप सिंह उर्फ भवना (निवासी डल्ला) को काबू कर 9 ग्राम हेरोइन बरामद की। वहीं हेड कांस्टेबल बलजिंदर कौर की टीम ने अलीगढ़ चौक के पास स्थित श्मशान घाट के पास से हरदीप सिंह उर्फ हैप्पी (निवासी धुम्मण मोहल्ला, जगराओं) को गिरफ्तार कर 6 ग्राम हेरोइन बरामद की।

# अवैध खाद-कीटनाशक भंडारण पर कार्रवाई, हरियाणा की यूनिटेक क्रॉप साइंस पर पंजाब में मामला दर्ज





चंडीगढ़, यूटर्न, 11 फरवरी। किसानों को घटिया और गैर-कानूनी कृषि सामग्री से बचाने के लिए पंजाब सरकार ने सख्त कदम उठाया है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग पंजाब की शिकायत पर हरियाणा के झज्जर से जुड़ी एक फर्म के खिलाफ मलेरकोटला में अवैध खाद और कीटनाशकों के भंडारण व बिक्री को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि अचानक जांच के दौरान मलेरकोटला की यूनिटेक क्रॉप साइंस के परिसर से बिना अनुमति रखे गए खाद और कीटनाशकों का बड़ा स्टॉक बरामद हुआ। जांच में पाया गया कि यह सामग्री किसानों को बेचने के लिए रखी गई थी, जो नियमों का उल्लंघन है। मंत्री ने कहा कि उर्वरक (कंट्रोल) आदेश 1985, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 और कीटनाशक अधिनियम 1968 के तहत इस अवैध स्टॉक को तुरंत जब्त कर लिया गया है। साथ ही अमरगढ़ थाना, जिला मलेरकोटला में बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया गया है। कृषि निदेशक गुरजीत सिंह बराड़ ने बताया कि पूरे राज्य में निरीक्षण अभियान तेज कर दिए गए हैं ताकि किसानों को गुणवत्ता युक्त और सुरक्षित कृषि सामग्री मिल सके।

# हरभजन सिंह ई.टी.ओ. के बारे में की गई टिप्पणी के मामले में प्रताप सिंह बाजवा का वकील हुआ पेश



चंडीगढ़, यूटर्न, 11 फरवरी। कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. संबंधी की गई टिप्पणी के मामले में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा की ओर से उनका वकील पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के समक्ष पेश हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन सरदार जसवीर सिंह गढ़ी ने बताया कि प्रताप सिंह बाजवा की ओर से लिखित उत्तर लेकर पेश हुए वकील अरविंद कुमार सचदेवा ने प्रताप सिंह बाजवा का स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया और कहा कि विपक्ष के नेता द्वारा कोई भी जातिसूचक टिप्पणी नहीं की गई है और अपने स्पष्टीकरण के साथ कुछ अन्य संबंधित दस्तावेज भी पेश किए गए और केस को दाखल दफ्तर करने की मांग की। एडवोकेट सचदेवा ने कहा कि विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा वर्तमान में पंजाब से बाहर हैं। यदि पेश किए गए दस्तावेजों में कोई कमी है तो 15 दिन और समय देने की मांग की गई है। सरदार गढ़ी ने बताया कि प्रताप सिंह बाजवा के वकील की विनती को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए तारीख 26 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि प्रताप सिंह बाजवा की ओर से उनके वकील के द्वारा भेजे गए दस्तावेजों पर कानूनी राय ली जाएगी और उसके बाद ही इस मामले में कोई निर्णय लिया जाएगा।

# दामाद को फंसाने के लिए पिता ने 6 वर्षीय बेटे को दिया जहरीला पदार्थ, हुई मौत, मामला दर्ज

पंजाब/यूटर्न/11 फरवरी। जालंधर में एक पिता ने अपने 6 साल के बेटे का मर्डर कर दिया। पिता ने दूर की रिश्तेदारी में दामाद को फंसाने के लिए अपने बेटे को कीटनाशक पिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने बताया कि दामाद ने उसके खिलाफ चोरी की शिकायत दी थी।

शिकायत के चलते वह दामाद से गुस्सा था। उसे फंसाने के लिए बेटे को कीटनाशक पिलाकर बेहोश करना था, लेकिन उसकी मौत हो गई। आरोपी की पहचान गजेंद्र मुखिया (35) के रूप में हुई है। थाना पतारा में उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।



मृतक बच्चा



आरोपी पिता

## बिहार के मधेपुरा की रहने वाली है फैमिली

मृतक बच्चे की मां ममता ( 32 ) ने बताया कि वे मूल रूप से बिहार के मधेपुरा के निवासी हैं और वर्तमान में गांव हजारा में रह रहे हैं। उनके चार बच्चे हैं, जिनमें रूपेश मंझला बेटा था। 6 फरवरी की देर शाम ममता रसोई में खाना बना रही थीं, तभी रूपेश उसके पास दो बिस्कुट लेकर आया। एक बिस्कुट खाते हुए उसने मां से कहा- मां पापा ने हमें दवा पिला दी है।

## उल्टियां करने लगा तो सिविल अस्पताल पहुंचाया

इससे पहले कि ममता कुछ समझ पातीं, रूपेश को उल्टियां शुरू हो गई। बिस्कुट पर कोई चिपचिपा पदार्थ लगा हुआ था। घबराई ममता तुरंत अपने पिता भुल्लर मुखिया के पास पहुंचीं और बेटे को सिविल अस्पताल ले गई। तब तक बच्चा बेहोश हो चुका था। हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज अमृतसर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सोमवार को गांव के सरपंच रजिंदर सिंह के साथ ममता पतारा थाना पहुंचीं और पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।

## पुलिस बोली-बेटे को बेहोश करने के इरादे से दिया जहर

थाना पतारा पुलिस ने बताया कि गजेंद्र ने यह सोचकर बेटे को कीटनाशक दिया था कि वह केवल बेहोश होगा। उसका मकसद रिश्तेदारी में दामाद लगने वाले एक युवक को इस मामले में फंसाना था। कुछ समय पहले उस युवक ने गजेंद्र पर पाजेब चोरी का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिससे गजेंद्र नाराज था और बदला लेना चाहता था।

# जागो में नाचने से रोकने पर युवक को घर में घुसकर पीटा, 5 के खिलाफ केस दर्ज

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न11 फरवरी। गांव भटियां में शादी समारोह के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कुछ युवकों ने रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। थाना दाखा की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता प्रदीप सिंह उर्फ नोनी ने एएसआई आत्मा सिंह को बताया कि 1 जनवरी की रात उसके ताया की बेटी की 'जागो' का कार्यक्रम था। इस दौरान कुछ युवक शराब के नशे में महिलाओं के पास नाच रहे थे। प्रदीप द्वारा रोके जाने पर आरोपी भड़क गए और देख लेने की धमकी दी। जब प्रदीप कार्यक्रम के बाद अपने घर के बरामदे में था, तो आरोपियों ने पीछा करते हुए उस पर हमला कर दिया। आरोपियों ने ललकारते हुए कहा कि ₹इसे सबक सिखाते हैं कि नाचने से कैसे रोका जाता है।₹ शोर सुनकर परिजनों और पड़ोसियों ने उसे बचाया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। एएसआई आत्मा सिंह ने बताया कि पुलिस ने विक्की (जांगपुर), नितिन वर्मा (रायकोट), अवि बंसल (मुल्लांपुर), बिल्ला (जांगपुर) और सिमरनजीत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।



# सेक्टर-53 प्रोजेक्ट पर 23 साल पुराने 'पेंच' ने फेरा पानी, मार्च में होने वाली नीलामी अटकी

## बड़ी अड़चन: 2003 की आवंटन शर्त बनी रुकावट, अब एस्टेट ऑफिस की 'राहत' पर टिका हजारों आवेदकों का सपना

चंडीगढ़, यूटर्न, 11 फरवरी। चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (CHB) की सेक्टर-53 स्थित बेशकीमती जमीन को निजी बिल्डरों को नीलाम करने की योजना कानूनी दांव-पेच में फंस गई है। 2026 की सबसे बड़ी रियल एस्टेट नीलामी मानी जा रही इस प्रक्रिया पर 23 साल पुराने एक 'प्रतिबंधात्मक क्लॉज' (Restrictive Clause) ने ब्रेक लगा दिया है। इसके चलते मार्च में प्रस्तावित नीलामी अब अनिश्चितकाल के लिए टल सकती है।

**क्या है पूरा विवाद?...**दरअसल, साल 2003 में जब यूटी एस्टेट ऑफिस ने यह 21 एकड़ जमीन CHB को दी थी, तब एक सख्त शर्त रखी गई थी: ₹बोर्ड इस जमीन को किसी तीसरे पक्ष (Third Party) को नहीं बेच सकता और उसे स्वयं ही इसका विकास करना होगा। अब बोर्ड अपनी रणनीति बदलकर करीब 10 एकड़ जमीन निजी डेवलपर्स को बेचना चाहता है ताकि वे वहां फ्लैट्स बनाएं। लेकिन एस्टेट ऑफिस के रिकॉर्ड में दर्ज यह शर्त इस नीलामी की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन गई है।

प्रोजेक्ट की मौजूदा स्थिति (तथ्य और आंकड़े)

श्रेणी प्रस्तावित फ्लैट्स वर्तमान अनुमानित कीमत (2026) 2018 के मुकाबले वृद्धि HIG (3-BHK) - 192- 2.30 करोड़ 39.39% | MIG (2-BHK) 100 1.97 करोड़ 40.71% EWS (2-Room) 80` 74 लाख 34.34%

**डिमांड का दबाव:** कीमतों में भारी उछाल के बावजूद लोगों का रुझान कम नहीं हुआ है। हालिया सर्वे में मात्र 372 फ्लैटों के लिए 7,468 लोगों ने आवेदन किया था, जो शहर में आवास की भारी कमी को दशार्ता है




**विशेषज्ञों की राय: क्या है समाधान?**

सरकारी और निजी तालमेल जरूरी

चंडीगढ़ में जमीन सीमित है। अगर CHB खुद निर्माण करने में असमर्थ है, तो उसे पीपीपी (PPP) मॉडल अपनाना चाहिए। पुरानी शर्तों को आज की बाजार जरूरतों के हिसाब से बदलना होगा, वरना यह प्रोजेक्ट एक दशक और लटका रहेगा।

— सुरेंद्र बहगा, अर्बन प्लानर एवं वास्तुकार

''आम आदमी की पहुंच से बाहर होगा घर''

निजी बिल्डरों को नीलामी का मतलब है मुनाफाखोरी। अगर एस्टेट ऑफिस इस शर्त को हटाता है, तो प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि फ्लैट्स की कीमतों पर कोई 'कैप' (सीमा) लगाई जाए, ताकि यह आम जनता के लिए किफायती रहे।

— हितेश पुरी, चेयरमैन, CRAWFED

CHB का अगला कदम

CHB के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, एस्टेट ऑफिस को औपचारिक पत्र लिखकर इस शर्त में ढील देने की मांग की गई है। बोर्ड का तर्क है कि बढ़ती निर्माण सामग्री की लागत और वित्तीय जोखिम को देखते हुए निजी भागीदारी ही एकमात्र व्यवहार्य (Viable) विकल्प है।

अब गेंद यूटी प्रशासन के पाले में है। यदि फरवरी के अंत तक इस क्लॉज पर फैसला नहीं आता, तो मार्च की डेडलाइन खत्म हो जाएगी और चंडीगढ़ के घर खरीदारों का इंतजार और लंबा हो जाएगा।

क्या आप चाहते हैं कि मैं इस प्रोजेक्ट के कानूनी पहलुओं या सेक्टर-53 के लोकेशन मैप के बारे में और जानकारी प्रदान करूँ?



# चंडीगढ़ नगर निगम की पहली बैठक में हंगामा, गोशाला और दूषित पानी के मुद्दे पर गरमाया सदन

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 11 फरवरी। नगर निगम के नवनियुक्त मेयर सौरभ जोशी की अगुवाई में बुधवार को हुई पहली हाउस मीटिंग हंगामेदार रही। बैठक की शुरूआत में ही गोशाला और दूषित पानी के मुद्दों को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने जोरदार नारेबाजी की। कुछ पार्षद 'गौ हत्या बंद करो' के पोस्टर लेकर सदन में खड़े हो गए।



## गोशाला मुद्दे पर हंगामा

आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के पार्षदों ने गोशालाओं में गायों की मौत और वहां शुरू किए गए नए प्लांट के बंद होने का मुद्दा उठाया। पार्षदों ने सवाल किया कि जब गायों की मौत हुई तो उन्हें दफनाने के बजाय खुले में क्यों फेंका गया। साथ ही यह भी पूछा गया कि नए प्लांट को बंद क्यों किया गया और अब तक की जांच में क्या सामने आया है ।पार्षदों ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए कमेटी गठित करने की मांग की। इस पर मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि मामले की जांच के लिए कमेटी बनाई जाएगी, जो पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तैयार करेगी। नगर निगम चंडीगढ़ आयुक्त अमित कुमार ने कहा कि पहले दिन से ही मामले की जांच की जा रही है और रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि गोशालाओं की देखभाल बेहतर तरीके से की जा रही है। आयुक्त ने कहा कि जिन गोशालाओं के पास मंदिर नहीं है, वहां मंदिर बनाने का प्रस्ताव लाया जाएगा ताकि लोग अधिक संख्या में आएं और गायों की बेहतर सेवा हो सके।

## बैठक की शुरूआत में शुभकामनाएं

बैठक की शुरूआत में पार्षद गुरबख्श रावत ने नए मेयर सौरभ जोशी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस बार बजट में 225 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जो पूर्व मेयर और कमिश्नर के प्रयासों से संभव हुआ। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस फंड का उपयोग शहर के संतुलित विकास के लिए किया जाएगा ।बैठक के दौरान कई मुद्दों पर तीखी बहस हुई, लेकिन मेयर ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं पर पारदर्शी तरीके से कार्रवाई की जाएगी।

## दूषित पानी पर कांग्रेस का हमला

कांग्रेस पार्षदों ने मौली जागरां में दूषित पेयजल से एक बच्ची की मौत का मामला उठाया और भाजपा व मेयर से जवाब मांगा। इस पर नगर आयुक्त ने कहा कि दूषित पानी के मामले में थर्ड पार्टी से जांच कराई जाएगी और रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। बीजेपी पार्षद मनोज सोनकर ने भी मौलीजागरां में पिछले दस दिनों से पानी की आपूर्ति बाधित होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वह पिछले तीन वर्षों से इस समस्या को उठा रहे हैं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो रहा ।मेयर ने कहा कि पानी की समस्या केवल मौली जागरां तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर के कई इलाकों में है। उन्होंने चीफ इंजीनियर से जवाब मांगा और स्पष्ट किया कि समस्याओं पर पर्दा डालने की कोशिश नहीं होनी चाहिए।

## अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप

सीनियर डिप्टी मेयर जसमन ने आरोप लगाया कि समस्या आने पर जब ठेकेदार और अधिकारियों को फोन किया जाता है तो वे फोन नहीं उठाते। इस पर नगर आयुक्त ने कहा कि जिन अधिकारियों ने फोन नहीं उठाया, उनके नाम बताए जाएं, तुरंत निलंबन आदेश जारी किए जाएंगे।

## गारबेज कलेक्शन पर सवाल

कांग्रेस पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी ने सेक्टर-45 में डोर-टू-डोर गारबेज कलेक्शन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि हर बैठक में यह मुद्दा उठता है, लेकिन एजेंडा में शामिल नहीं किया जाता। उन्होंने सवाल किया कि कहीं यह योजना केवल कागजों तक ही सीमित तो नहीं है ।मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि सवाल वाजिब है और इसका ईमानदारी से जवाब दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि काम हुआ तो सम्मान मिलेगा, नहीं तो विरोध भी होगा। नगर निगम सचिव हिमांशु गुप्ता ने बताया कि यह मुद्दा पिछले हाउस में भी उठाया गया था। स्कीम पहली बार लागू की जानी है, इसलिए समय लग रहा है। पहले रेजिडेंशियल एमओयू और बाद में कमर्शियल एमओयू पास किया गया, लेकिन गारबेज कलेक्टरों के बीच सहमति नहीं बन पाई। टेंडर भी आमंत्रित किया गया था, जिसे बाद में रद्द करना पड़ा।

# RUB-123C रेलवे अंडरपास परियोजना पर फिर ब्रेक, फंड न मिलने से टेंडर प्रक्रिया अधर में

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 11 फरवरी। रायपुर कलां-हरमिलाप नगर रेलवे अंडरपास (RUB-123C) के निर्माण को लेकर एक बार फिर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से अपनी हिस्सेदारी की राशि जारी न किए जाने के कारण यह बहुप्रतीक्षित परियोजना रुकने के कगार पर पहुंच गई है। रेलवे ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि यदि जल्द फंड नहीं मिला तो पूरी टेंडर प्रक्रिया रद्द करनी पड़ सकती है।

उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता नवीन कुमार ने चंडीगढ़ प्रशासन को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि परियोजना की कुल लागत में प्रशासन की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के तहत लगभग 6.41 करोड़ रुपये अभी तक जमा नहीं कराए गए हैं। रेलवे की ओर से इस अंडरपास के टेंडर



13 फरवरी को खोले जाने हैं, लेकिन तय समय तक राशि न आने की स्थिति में निविदा प्रक्रिया को आगे बढ़ाना मुश्किल होगा।

**इंजीनियरिंग विभाग पर उठे सवाल...**ज्वाइंट एक्शन कमेटी फॉर वेलफेयर ऑफ बलटाना रेजिडेंट्स के अध्यक्ष प्रताप सिंह राणा ने प्रशासन की कार्यशैली पर नाराजगी जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इंजीनियरिंग विभाग की सख्ती और अनावश्यक आपत्तियों के कारण परियोजना को जानबूझकर लटकाया जा रहा है। उनका कहना है कि मुख्य अभियंता सी.बी. ओझा ने भूमि अधिग्रहण पूरा न होने का हवाला देकर फंड जारी करने से इनकार किया है। हालांकि राणा का तर्क है कि भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में धारा-21 के तहत नोटिस जारी हो चुका है और 26 फरवरी तक सभी औपचारिकताएं पूरी होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि टेंडर खुलने के बाद वर्क ऑर्डर जारी होने में आमतौर पर एक माह का समय लगता है, ऐसे में तब तक जमीन का कब्जा मिल जाना तय है।

**पहले ही एक साल की देरी...**स्थानीय प्रतिनिधियों के अनुसार, RUB-123C परियोजना अपने तय शेड्यूल से लगभग एक वर्ष पहले ही पीछे चल रही है। इसके चलते बलटाना, रायपुर कलां और आसपास के इलाकों के हजारों लोग रोजाना जाम और असुविधा झेलने को मजबूर हैं। इस पूरे मामले को लेकर ज्वाइंट एक्शन कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद, आईएएस से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि यदि टेंडर रद्द होते हैं तो यह वर्ष 2017 से इस अंडरपास के निर्माण का इंतजार कर रहे लोगों के साथ सीधा विश्वासघात होगा। अब देखना यह है कि चंडीगढ़ प्रशासन समय रहते फंड जारी कर परियोजना को पटरी पर लाता है या फ्बइ-1233 एक बार फिर फाइलों और कागजी प्रक्रियाओं में उलझकर रह जाता है।

## चंडीगढ़ पुलिस ने आयोजित किया दो दिवसीय एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम, 141 पुलिसकर्मियों ने लिया हिस्सा



चंडीगढ़, यूटर्न, 11 फरवरी। यूटी चंडीगढ़ पुलिस द्वारा 10 और 11 फरवरी 2026 को सेक्टर-26 स्थित रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर के मल्टीमीडिया हॉल में 'एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समय सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक निर्धारित था। यह कार्यशाला एसपी हेडक्वार्टर एवं ट्रेनिंग मनजीत के सक्षम मार्गदर्शन तथा डीएसपी अमराव सिंह के पर्यवेक्षण में आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन चंडीगढ़ स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी यूटी चंडीगढ़ के सहयोग से किया गया। कार्यशाला में दो विशेषज्ञ संसाधन व्यक्तियों द्वारा सत्र संचालित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत से पूर्व इंस्पेक्टर पूनम दिलवारी, चीफ लॉ इंस्ट्रक्टर, रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। इसके बाद स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के सहायक निदेशक जतिंदर दहिया और सुनील कुमार ने एचआईवी/एड्स से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत और जानकारीपूर्ण व्याख्यान दिया तथा प्रतिभागियों को संवेदनशील बनाया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को एचआईवी और एड्स के प्रति जागरूकता, एचआईवी/एड्स (रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम, 2017 के प्रमुख प्रावधानों, समय पर जांच और उपचार के महत्व तथा एचआईवी/एड्स से पीड़ित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव रहित व्यवहार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कांस्टेबल से लेकर असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) रैंक तक के कुल 141 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया और इंटरएक्टिव सत्रों में सक्रिय सहभागिता निभाई।

## पीयू के सैंटर फॉर दी स्टडी ऑफ सोशल इन्क्लूजन ने डॉ. मनीष कुमार को किया सम्मानित

चंडीगढ़, यूटर्न, 11 फरवरी। पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के सैंटर फॉर दी स्टडी ऑफ सोशल इन्क्लूजन के द्वारा डॉ. मनीष कुमार को महाराज बी.जी गवर्नमेंट कॉलेज, पोझेवाल, जिला नवांशहर, पंजाब में प्राचार्य पद पर नियुक्त होने पर सम्मानित किया गया। उनकी यह नियुक्ति पंजाब लोक सेवा आयोग के माध्यम से हुई है। डॉ. मनीष कुमार लंबे समय से सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ सोशल इन्क्लूजन से जुड़े रहे हैं और सैंटर में पीएचडी पर्यवेक्षक के रूप में कार्य कर चुके हैं। उनके मार्गदर्शन में कई शोधार्थियों ने अपना शोध कार्य पूर्ण किया है, जबकि अनेक शोधार्थी वर्तमान में उनके निर्देशन में शोध कर रहे हैं। मीडिया को जानकारी देते हुए सेंटर के स्टूडेंट प्रेस रिपोर्टर एवं राजनीति विज्ञान विषय में पी.एच.डी स्कॉलर सरताज सिंह ने बताया कि प्राचार्य पद पर नियुक्ति के लिए सम्मान प्राप्त करने पर डॉ. मनीष कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ सोशल इन्क्लूजन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व का विषय है। डॉ. मनीष कुमार ने कहा कि सी.एस.एस.आई से उनका लंबे समय से जुड़ाव रहा है और यहां का शैक्षणिक वातावरण और शोधार्थी हमेशा उन्हें प्रेरित करते रहे हैं। उन्होंने इस सम्मान के लिए केंद्र के सभी शिक्षकगण, कर्मचारियों एवं शोधार्थियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विभाग के निदेशक प्रो. वीरेंद्र नेगी, प्रो. इमैनुएल नाहर, पूर्व निदेशक, सी.एस.एस.आई, पीयू, प्रो. हरिश ठाकुर, प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला, डॉ. कमला, डॉ. कंचन चंदन, अकादमिक सचिव, सी.एस.एस.आई, पीयू सहित केंद्र के स्टाफ सदस्य एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।



Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

Contact - +91 9814295372

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।